उज्जैन
शुक्रवार
08
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-184
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



टॉक्सिक की फर्जी खबरों पर भड़कीं कियारा आडवाणी फिल्म में खुद के बोल्ड सीन्स हटाने की खबरों को बताया बकवास

पेज- 8

## नासिक टीसीएस केस- मुख्य आरोपी निदा खान हिरासत में

**नासिक।** नासिक टीसीएस केस में पुलिस ने मुख्य आरोपी निदा खान को गुरुवार रात छत्रपति संभाजीनगर से हिरासत में लिया।



निदा पर सेक्सुअल हैरेसमेंट और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप हैं। इससे पहले 2 मई को नासिक कोर्ट ने निदा की एंटीसिपेटरी बेल याचिका खारिज की थी। प्रॉसिक्यूशन ने कोर्ट में कहा कि आरोप गंभीर हैं और उनसे कस्टडी में पूछताछ जरूरी है। इस दौरान निदा फरार चल रही थी। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पब्लिक प्रॉसिक्यूटर अजय मिसर ने बताया था कि निदा खान इस केस की मुख्य आरोपियों में से एक हैं। इसी आधार पर कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया।

## सोहराबुद्दीन फर्जी मुठभेड़ केस- सभी 22 आरोपी बरी

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने साल 2005 के सोहराबुद्दीन शेख फर्जी मुठभेड़ केस में सभी 22 आरोपियों को बरी करने का फैसला बरकरार रखा है। इस मामले में सोहराबुद्दीन की पत्नी कौसर बी और सहयोगी तुलसीराम प्रजापति की भी हत्या हो गई थी। मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की बेंच ने सोहराबुद्दीन के भाइयों, रुबाबुद्दीन, नयाबुद्दीन की अपीलों को खारिज कर दिया। जिन 22 को आरोपमुक्त किया गया है, उनमें गुजरात व राजस्थान पुलिस के जूनियर लेवल के अफसर थे। उन पर आरोप था कि वे उस टीम का हिस्सा थे जिसने इन तीनों का अपहरण किया और बाद में फर्जी मुठभेड़ में उन्हें मार गिराया। बाकी एक आरोपी गुजरात के एक फार्महाउस का मालिक था, जहां सोहराबुद्दीन और कौसर बी को उनकी हत्या से पहले अवैध रूप से बंधक बनाकर रखा गया था।

## कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है अल्बर्टा

**ओटावा।** कनाडा के पश्चिमी प्रांत अल्बर्टा को अलग देश बनने की मांग और ज्यादा तेज हो गई है।



अलगाववादियों ने बुधवार को दावा किया है कि उन्होंने इतना समर्थन जुटा लिया है कि अब स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह (रेफरेंडम) कराया जा सकता है। अलगाववादी नेताओं के मुताबिक, उन्होंने करीब 3 लाख हस्ताक्षर चुनाव अधिकारियों को सौंपे हैं, जबकि इसके लिए 1.78 लाख दस्तखत की जरूरत थी। आंदोलन के नेता मिच सिलवेस्ट्रे ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि अब यह लड़ाई अगले चरण में पहुंच गई है।

## सेंसेक्स 400 अंक गिरकर 77,450 पर कारोबार कर रहा

**मुंबई।** आज यानी शुक्रवार, 8 मई को सेंसेक्स 400 अंक (0.50%) की गिरावट के साथ 77,450 पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 130 अंकों (0.50%) की गिरावट है, ये 24,200 पर आ गया है। आज के कारोबार में ऑटो और बैंक शेयरों में बिकवाली है जबकि फार्मा और आईटी शेयरों में खरीदारी दिख रही है। सेंसेक्स कल 7 मई को 114 अंक (0.15%) की गिरावट के साथ 77,845 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 4 अंकों (0.02%) की गिरावट रही, ये 24,327 पर आ गया। कल के कारोबार में ऑटो और रियल्टी शेयरों में खरीदारी रही, जबकि एफसीजी में बिकवाली देखी गई।

### मोहन सरकार की दमनकारी और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ खोला मार्चा

# मुरली मोरवाल के नेतृत्व में बड़नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेशनल हाईवे पर किया डटकर विरोध प्रदर्शन

**ब्रह्मास्त्र ›› बड़नगर**





मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेश की मोहन सरकार की दमनकारी और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ बड़नगर विधानसभा से सैकड़ों की संख्या में चार पहिया वाहन के काफिले के साथ किसान और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में मोर्चा खोला। शाजापुर के निकट आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर आयोजित इस प्रदेशव्यापी चक्काजाम आंदोलन में बड़नगर के किसानों और कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति ने सरकार की ईंट से ईंट बजा दी। पूर्व विधायक मोरवाल ने प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री संज्जनसिंह वर्मा, मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी संजय दत्त से कार्यक्रम के दौरान मुलाकात की।

चक्का जाम के दौरान पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने उपस्थित जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश का अन्नदाता बेहाल है। 43 डिग्री की भीषण गर्मी में किसान अपनी गेहूं की फसल लेकर खरीदी केंद्रों के बाहर खड़ा है लेकिन सरकार की कुनीतियों और केंद्रों पर फैली अव्यवस्थाओं के कारण उसे अपनी उपज बेचने के लिए खून के आंसू रोने पड़ रहे हैं। मोरवाल ने कड़े लहजे में कहा कि मोहन सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण आज हर किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

बड़नगर विधानसभा से आए भारी जनसमूह ने नेशनल हाईवे पर डटकर विरोध प्रदर्शन किया जिससे मार्ग पूरी तरह ठप रहा। मोरवाल ने कहा कि जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी किसानों के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क पर उतरी है। हमारा उद्देश्य केवल विरोध करना नहींए बल्कि सोई हुई सरकार की नींद उड़ाना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का तुरंत निराकरण नहीं हुआ और गेहूं खरीदी केंद्रों पर धांधली नहीं रुकी तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप लेगा।

इस अवसर पर किसान कांग्रेस अध्यक्ष मांगूसिंह राठोर, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहलाल त्रिवेदी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण बिलाला, पूर्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष करण मोरवाल, बड़नगर ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण वडछा, किसान कांग्रेस खरसोदकलां ब्लॉक अध्यक्ष विशाल जाट, वनिषराज कटारिया, नवीन दुबे मनोज परमार, रोहित रंघुवंशी, विष्णुसिंह पंवार, प्रकाश माली, अर्जुन चौधरी, डॉ. नवलसिंह ठाकुर, गोकुल पटेल, सुरेन्द्रसिंह पटेल, नारायणसिंह राठोर, सुनिल जाट टिनु गुर्जर प्रकाश कटारिया, नवीन सरवटे, अजय आंजना, मुकेश देवड़ा सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर चक्का जाम में भाग लिया।

## बंगाल में आज हो सकता है सीएम के नाम का एलान, दोपहर बाद विधायक दल की बैठक

**ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के 2026 के विधानसभा में चुनाव प्रचंड जीत मिलने के बाद आज भाजपा के विधायक दल की बैठक होगी। इस बैठक में राज्य के अगले मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहेंगे।

गृह मंत्री अमित शाह पर्यवेक्षक के रूप में आज नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी सह-पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहेंगे। पार्टी के सूत्रों के मुताबिक, बैठक कोलकाता के विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में शाम 4 बजे होगी। इसी बैठक में विधायक दल का नेता चुना जाएगा, जो राज्य का नया सीएम बनेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने घोषणा की थी कि राज्य में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया था कि यह कार्यक्रम कोलकाता के प्रतिष्ठित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

### राजस्थान में मचा बड़ा राजनीतिक भूचाल

## 960 करोड़ घोटाले में पूर्व मंत्री महेश जोशी गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ›› जयपुर**



राजस्थान की राजनीति में गुरुवार को उस समय बड़ा भूचाल आ गया जब राज्य के पूर्व मंत्री महेश जोशी को एंटी करप्शन ब्यूरो यानी एसीबी ने जल जीवन मिशन घोटाले में गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने जयपुर स्थित उनके आवास से कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लिया। अधिकारियों के अनुसार यह मामला करीब 960 करोड़ रुपये के कथित घोटाले से जुड़ा हुआ है, जिसे लेकर लंबे समय से जांच चल रही थी। पूर्व मंत्री की गिरफ्तारी के बाद प्रदेश की सियासत गरमा गई है और विपक्ष तथा सत्तापक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। एसीबी अधिकारियों के मुताबिक महेश जोशी पर आरोप है कि उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग यानी पीएचईडी मंत्री रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया और ठेके देने के बदले रिश्वत ली। जांच एजेंसी का दावा है कि जल जीवन मिशन के तहत जारी किए गए कई टेंडरों में अनियमितताएं हुईं और इसमें करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया।

### उज्जैन में मार्ग चौड़ीकरण का असर छोटा सराफा व्यापारियों पर भी...

# ग्राहकों को बताया वैकल्पिक मार्ग

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

कंठाल चौराहा-सती गेट मार्ग चौड़ीकरण का असर छोटा सराफा के व्यापारियों पर भी पड़ रहा है। मुख्य रास्ता बंद होने से अब ग्राहक इस ओर कम ही जा रहे हैं, ऐसे में छोटा सराफा व्यापारी एसोसिएशन वाट्सएप पर वैकल्पिक मार्ग की जानकारी भेजकर ग्राहकों को बुला रही है।

छोटा सराफा में कपड़ा, हैंडलूम्स, होम फर्निशिंग, बैग और खान-पान की कई दुकानें हैं। यहां तक आने के दो मुख्य रास्ते हैं। पहला कंठाल चौराहा और दूसरा छत्रीचौक की ओर से। चौड़ीकरण के चलते कंठाल चौराहा वाला मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। इतना ही नहीं डाबरीपीठा और मुसद्दीपुरा वाले एप्रोच रोड भी बंद हैं। छत्री चौक वाला रास्ता चालू है लेकिन इस पर भीड़ है। मार्ग बंद होने से ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है। ऐसे में छोटा सराफा व्यापारी एसोसिएशन ने वैकल्पिक मार्गों की जानकारी वायरल की है।



### मार्ग सुझाएं

- अंकपात- वीडी क्लॉथ मार्केट से कैसे आएं

तेलीवाड़ा चौराहा, मिर्जा नईम बेग, रामजी गली, छोटा सराफा।

- फ्रीगंज से आने वाले ग्राहक यूं आएं।

चरक भवन, क्षीरसागर, नई सड़क, डाबरी पीठा, शांतिनाथ की गली, छोटा सराफा।

- बहादुरगंज की ओर से आने वालों के लिए।

नईसड़क, बिजली घर, कलालसेरी, नमक मंडी, छोटा सराफा

- देवास गेट बस स्टैंड-रेलवे स्टेशन से आने वालों के लिए

एटलस चौराहा, बोहरा बाखल, नमकमंडी, छोटा सराफा

- महाकाल मंदिर की तरफ से आने वाले

पटनी बाजार, व्यायामशाला, लखेरवाड़ी, छोटा सराफा

- नयापुरा-उदूर्पुरा से आने वाले।

बुधवारिया, गोलामंडी, राम जी की गली, छोटा सराफा।



## खबर एक नजर...

### सुभाषनगर चोरी के आरोपी से रिमांड पर पूछताछ

**उज्जैन।** सुभाषनगर ओम रेजीडेंसी में 2 मई को इंजीनियर साक्षी राठौर के मकान में चोरी होना सामने आया था। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर साक्षी राठौर के नाबालिग रिश्तेदार को हिरासत में लिया था। जिसने अपने साथी शशिकांत उर्फ गोलू पिता ताराचंद निवासी हाथीपुरा के साथ चोरी करना कबूल किया था। नाबालिग की निशानदेही पर 32 हजार रुपए नगद और 5 लाख के आभूषण बरामद किये गये थे। जिसे न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया था। शशिकांत को बुधवार शाम हिरासत में लिया गया। जिसे गुरुवार दोपहर न्यायालय में पेश कर 2 दिनों रिमांड पर लिया गया है। एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि शेष आभूषणों की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे है। वहीं थाना क्षेत्र में हुई अन्य चोरी के संबंध में पूछताछ जारी है। शशिकांत वर्ष 2013 में हत्या का आरोपी भी रह चुका है।

### कर्मचारियों के अवकाश पर 30 मई तक प्रतिबंध

**उज्जैन।** भारत की जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का महत्वपूर्ण कार्य 1 से 30 मई तक किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने निर्देश जारी किए हैं। कार्य की अनिवार्यता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### 18 केंद्रों पर 10वीं-12वीं की द्वितीय परीक्षा शुरू

**उज्जैन।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं की द्वितीय परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हुईं। पहले दिन 10वीं की हिंदी परीक्षा आयोजित की गई। इन परीक्षाओं में पूरक, अनुत्तीर्ण और श्रेणी सुधारने वाले विद्यार्थी शामिल हैं। जिले में 10वीं के लिए 5158 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इनमें 3570 रेगुलर और 1588 प्राइवेट हैं। 12वीं के लिए 3908 पंजीकृत हैं। इनमें 2607 रेगुलर और 1301 प्राइवेट हैं। परीक्षाओं के लिए 18 केंद्र बनाए गए हैं। एडीपीसी गिरीश तिवारी के अनुसार हिंदी परीक्षा में 768 में से 736 विद्यार्थी उपस्थित रहे और 32 अनुपस्थित रहे। नकल का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र खत्री और एडीपीसी के दल ने चार-चार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

### शिक्षा केंद्र में रुपए देने के मैसेज मामले में होगी जांच

**उज्जैन।** जिला शिक्षा केंद्र में लड्डू-मिठाई के नाम पर इंजीनियरों को मैसेज भेजकर रुपए देने के मामले में कलेक्टर रौशनकुमार सिंह ने जांच की बात कही है। संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब भी तलब किया गया है। जिला शिक्षा केंद्र में इंजीनियरों के वाट्सएप ग्रुप (जेडएसके इंजीनियर सूचना ग्रुप) पर इंजीनियरों के बीच हुई चैटिंग में यह खुलासा हुआ था। इंजीनियर संदीप जैन ने ग्रुप पर डीपीसी के नाम पर दीपावली पर मिठाई के पैकेट वितरित करने, रुपए देने के लिए यूपीआई स्कैनर की फोटो भेजने और एक ही दिन में मान्यता की 200 फाइलें साइन करने जैसे कई अन्य मैसेज भेजे थे। वहीं इंजीनियर वल्लभसिंह राठौर ने भी ग्रुप पर मैसेज भेजा था कि डीपीसी सर द्वारा भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार 500-500 ग्राम के महाकाल लड्डू प्रसादी के पैकेट भेजने का मैसेज भेजा था। मामले में कलेक्टर सिंह का कहना है कि इस मामले में संबंधितों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किए हैं। मामले की जांच भी की जाएगी। जांच में जो भी दोषी सिद्ध होगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# महाकाल मंदिर में लगाया सोलर रिफ्लेक्टिव पेंट

## हीट प्रूफ पाथ-वे से महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं को तपती गर्मी से मिलेगी राहत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भीषण गर्मी के बीच भी उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में रोजाना एक लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में भक्तों को तपती जमीन और गर्म फर्श से राहत देने के लिए मंदिर समिति ने विशेष हीट प्रूफ पाथ-वे तैयार कराया है। इस पाथ-वे पर सोलर रिफ्लेक्टिव पेंट का उपयोग किया गया है, जिससे जमीन कम गर्म होगी और श्रद्धालुओं के पैर नहीं जलेंगे।





मंदिर प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर और श्री महाकाल महालोक के दर्शन मार्ग पर करीब 13 हजार वर्गफीट क्षेत्र में हीट प्रूफ पाथ-वे तैयार किया गया है। यह मार्ग नीलकंठ क्षेत्र से पंचमुखी हनुमान, मानसरोवर होते हुए शंख द्वार और बड़ा गणेश मंदिर तक विकसित किया जा रहा है। मंदिर समिति के अनुसार इस विशेष पाथ-वे से श्रद्धालु तेज धूप और गर्म फर्श के बावजूद बिना असुविधा के आसानी से दर्शन कर सकेंगे। प्रवेश और निकास मार्गों पर यह व्यवस्था सबसे अधिक लाभकारी साबित होगी, जहां श्रद्धालुओं को अधिक पैदल चलना पड़ता है।

गौरतलब है कि मंदिर समिति पहले से ही कई स्थानों पर कार्पेट बिछा चुकी है, लेकिन अत्यधिक गर्मी को देखते हुए अब अतिरिक्त राहत के लिए यह नया उपाय किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और आरामदायक दर्शन व्यवस्था मिल सके।

# रात में पारदी डेरो पर दबिश 147 संदिग्ध हिरासत में...

## 25 बाइक जप्त, 22 पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अपराधों पर अंकुश और वाहन चोरी की वारदातों की रोकथाम के लिये बुधवार-गुरुवार रात पांच थाना क्षेत्रों के पारदी डेरों पर पुलिस ने एक साथ दबिश मारी। 147 संदिग्धों का हिरासत में लिया गया। 25 से अधिक बाइक जप्त की गई है।



एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि जिले में आमजन भय मुक्त और खुद को सुरक्षित महसूस कर सके, इसको लेकर पुलिस गुंडे-बदमाशों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। पुलिस संपत्ति अपराधों को लेकर भी अलर्ट है। इसको लेकर बुधवार-गुरुवार रात एएसपी आलोक शर्मा के मार्गदर्शन में सीएसपी राहुल देशमुख और पुष्पा प्रजापति की टीम बनाई गई थी। जिसमें थाना प्रभारियों, पुलिस बल, सायबर सेल को शामिल किया गया। टीम ने एक साथ कार्तिक मेला ग्राउंड, पंवासा, चिमनगंज क्षेत्र स्थित आकाश पेट्रोल पंप के पास, भैरवगढ़ क्षेत्र और थाना घट्टिया क्षेत्र स्थित लाखेड़ा पारदी डेरो पर दबिश मारी गई। टीम ने 147 लोगों को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया। डेरों से 25 दो पहिया वाहन भी मिले, जिन्हे जप्त किया गया। हिरासत में लिये सभी से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में 22 ऐसे व्यक्ति सामने आये है, जिनके खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज थे। जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। जप्त वाहनों के दस्तावेज प्राप्त किये जा रहे है और पता लगाया जा रहा है कि चोरी के तो नहीं है। जांच में चोरी के वाहन पाये जाने पर संबंधितों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। डेरों से हिरासत में लिये संदिग्धों की दैनिक गतिविधियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि उज्जैन पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, संगठित अपराधों पर अंकुश, फरार और आदतन बदमाशों की गतिविधियों पर सतत कार्रवाई के लिये अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान का उद्देश्य कार्रवाई करना नहीं है, बल्कि स्थायी रूप से अपराधियों में कानून का भय और जनसुरक्षा की भावना को सुदृढ करना है। रात में डेरों पर दी गई दबिश से पहले पूरे जिले में कॉम्बिंग गश्त कर फरार, इनामी बदमाशों के साथ वारंटियों की धरपकड़ की गई थी।

# 20 दिवसीय चारधाम यात्रा के श्रद्धालुओं को दी विदाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सत्यजीत फाउंडेशन ने चारधाम की 20 दिवसीय यात्रा पर रवाना हो रहे श्रद्धालुओं का स्वागत कर उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना की। फाउंडेशन सचिव गोपाल राठौर ने बताया कि आदर्श राजीव नगर कॉलोनी के 8 श्रद्धालुओं सहित उज्जैन से कुल 120 यात्रियों का जत्था चारधाम यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा के शुभारंभ पर सभी यात्रियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर फाउंडेशन के राहुल गेहलोत, तेजुलाल चौहान, अजय राठौर, दीपक राठौर, पवन राठौर, विष्णुकांता राठौर, ममता सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। सदस्यों ने कहा कि चारधाम यात्रा भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। 20 दिवसीय चारधाम यात्रा के श्रद्धालुओं को दी विदाई।

# जिला पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 10 को

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में 28वीं जिला स्तरीय क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग और डेड लिफ्ट चैंपियनशिप 10 मई को नागदा में होगी। आयोजन मातृत्व दिवस और स्वर्गीय फिलोमेना एंथोनी की स्मृति में उज्जैन जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन और मदर मैरी हायर सेकंडरी स्कूल के सहयोग से किया जा रहा है।

एसोसिएशन अध्यक्ष जय सिंह यादव और सचिव कमल नंदवाना के अनुसार 8 मई को दोपहर 12 से 2 बजे तक तरण ताल परिसर स्थित स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र में खिलाड़ियों का वजन और पंजीयन होगा। मुख्य मुकाबले 10 मई को सुबह 9 बजे से शुरू होंगे। प्रतियोगिता तीन स्टेज पर एकसाथ कराई जाएगी।चैंपियनशिप सब जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर्स वर्ग में महिला और पुरुष दोनों के लिए होगी। करीब 230 खिलाड़ी भाग लेंगे। खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार और बेस्ट लिफ्टर अवार्ड भी दिए जाएंगे।

# बाढ़ में सुरक्षा के लिये क्षिप्रा नदी में उतरा होमगार्ड

### मानसून से पहले आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मानसून को 2 माह का समय शेष बचा है। इससे पहले नदी, तलाबों में आने वाले उफान (बाढ़) में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए होमगार्ड/एसडीआरएफ जवानों क्षिप्रा नदी में उतर गये है। 3 दिन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान कुशल तैराक, वोट हैंडलर और डीप डायवर्स तैयार किये जायेगें।



होमगार्ड/एसडीआरएफ डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष जाट ने बताया कि आगामी मानसून से पहले विभाग के जवानों को बाढ बचाव और आपदा प्रबंधन के लिये तैयार करने के लिये 3 दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। इस दौरान 180 कुशल तैराक, 70 वोट हैंडलर और 20 डीप डायवर्स को तैयार किया जायेगा। प्रशिक्षण प्लाटून कमांडर पुष्पेंद्र त्यागी, गायत्री वर्मा और सहायक उपनिरीक्षक भैरूलाल सारेल के निर्देशन में लालपुल स्थित क्षिप्रा नदी पर गुरूवार से शुरू किया गया है। पहले दिन 35 जवानों को प्रशिक्षित किया गया। जिसमें जवानों को आगामी मानसून में बाढ बचाव में उयोगी तैराकी, वोट हैंडलिंग के साथ ड्राय रेस्क्यू टेकिनक का अभ्यास कराया गया। जिला कमांडेंट के अनुसार प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य होमगार्ड विभाग में कौशल क्षमता उन्नयन करना है। प्रशिक्षण प्राप्त जवानों को जिले के आपदा संभावित क्षेत्रों में स्थापित डीआरसी और क्यूआरटी टीम में तैनात किया जायेगा।

उज्जैन
शुक्रवार
08
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

अलसस्य कुतो विद्या अविद्यस्य कुतो धनम्।
अधनस्य कुतो मित्रममित्रस्य कुतः सुखम्।।

**अर्थ:** आलसी के लिए ज्ञान कहाँ है? अशिक्षितों के लिए पैसा कहां है? कहाँ है गरीब का दोस्त? और मित्रहीन के लिए सुख कहाँ है?

## खबर एक नजर...

### इंदौर में युवती से घर जाते वक्त छेड़छाड़, विरोध किया तो पिता को फावड़ा मारा

**इंदौर।** लसूड़िया मे एक 15 साल की लड़की से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। पीड़िता की शिकायत पर उसके पिता जब आरोपी से बात करने पहुंचे तो उसने फावड़े से हमला कर दिया। बाद मे बचाव करने गए चाचा के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने बुधवार रात एफआईआर की है। लसूड़िया पुलिस ने बताया कि एक नाबालिक लड़की के पिता की शिकायत पर अतुल पुत्र कैलाश जामले के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। बुधवार शाम पीड़िता अपने घर की तरफ जा रही थी। तब आरोपी ने उसे अश्लील इशारे किए पीड़िता ने यह बात अपने पिता को बताई। जब पिता आरोपी के घर पहुंचे तो उसने मारपीट शुरू कर दी। वहीं फावड़ा उठाकर सिर और पीठ पर मार दिया। आवाज सुनकर पीड़िता के चाचा बचाव करने पहुंचे तब आरोपी अतुल ने उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस मामले मे जांच कर रही है।

### दो बदमाशों ने कारों के कांच फोड़े, सीसीटीवी मे कैद हुई घटना

**इंदौर।** द्वारकापुरी इलाके में बुधवार देर रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाते हुए करीब आधा दर्जन कारों के कांच फोड़ दिए। बताया जा रहा है कि आरोपी नशे की हालत में थे और कंबल ओढ़कर इलाके में पहुंचे थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों संदिग्धों की पहचान कर ली है और उनकी तलाश की जा रही है। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के सत्यदेव नगर, नार्थ मोहल्ला और सूर्यदेव नगर में बदमाशों ने देर रात खड़ी कारों को निशाना बनाया। सीसीटीवी फुटेज में दो युवक दिखाई दिए हैं, जो आते ही कारों पर पत्थर फेंकते नजर आ रहे हैं। भागते समय उन्होंने रास्ते में खड़ी अन्य कारों के कांच भी तोड़ दिए। करीब रात 2 बजे घटना की सूचना पुलिस को मिली, जिसके बाद बीट के जवान मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान बाबूनाथ और आरसी चौहान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी इलाके में खुद को बड़ा गुंडा बताकर लोगों में दहशत फैलाने की कोशिश करते हैं। उन पर झपटमारी जैसी वारदातों में शामिल होने के आरोप भी हैं। बताया जा रहा है कि दोनों नशे के आदी हैं। पुलिस अब दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी है और गिरफ्तारी के बाद उनका इलाके में जुलूस निकालने की तैयारी भी कर रही है।

### डेली कॉलेज के चुनाव में बैलट पेपर चोरी का आरोप

**इंदौर।** डेली कॉलेज सोसाइटी में न्यू डोनर कैटेगरी के चुनाव को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। 21 मई को होने वाले चुनाव के लिए 5 और 6 मई को विभिन्न शहरों में 153 बैलेट पेपर स्पीड पोस्ट के जरिए भेजे गए थे। अब पूर्व छात्र और प्रत्याशी राजेश अग्रवाल ने कुछ बैलेट पेपर चोरी और जबरन छीनने के आरोप लगाए हैं। राजेश अग्रवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि इलेक्शन ऑफिसर और डेली कॉलेज सोसाइटी के सेक्रेटरी चुनाव प्रक्रिया में लगातार एकपक्षीय, असंवैधानिक और नियमों के विपरीत कार्रवाई कर रहे हैं। उनका कहना है कि चुनाव की अधिसूचना 21 अप्रैल को जारी की गई थी, उस समय पुराना संविधान लागू था, जबकि नए संविधान को 24 अप्रैल को स्वीकृति मिली। इसके बावजूद चुनाव नए संविधान के आधार पर कराए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि चुनाव संबंधी गाइडलाइंस 30 अप्रैल को जारी की गईं, जबकि चुनाव प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी थी। प्रत्याशी ने आरोप लगाया कि बैलेट पेपर भेजे जाने के बाद डेली कॉलेज सोसाइटी के अध्यक्ष और बोर्ड मेंबर्स द्वारा जबरदस्ती बैलेट छीने जा रहे हैं। उनके अनुसार गुरुवार को देवास में एक उद्योगपति के कार्यालय से उनकी इच्छा के विरुद्ध 20 से 25 लोगों ने बैलेट पेपर छीन लिया।

### सोनम की जमानत को हाईकोर्ट में चुनौती, मेघालय सरकार बोली- पुलिस जांच में गलती नहीं

# राजा रघुवंशी हत्याकांड के 4 आरोपियों की बेल खारिज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश के इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपियों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। शिलांग सेशन कोर्ट ने मामले के मुख्य आरोपी राज कुशवाह समेत चार आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। वहीं मेघालय सरकार ने आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले में 12 मई को सुनवाई होगी।



शिलांग सेशन कोर्ट ने मुख्य आरोपी और सोनम के कथित प्रेमी राज कुशवाह की दूसरी जमानत याचिका भी खारिज कर दी। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसे राहत देने से इनकार कर दिया।

राज के अलावा इस मामले में आरोपी विशाल, आनंद और आकाश की जमानत अर्जियां भी अदालत ने निरस्त कर दीं। हालांकि कोर्ट ने किन आधारों पर याचिकाएं खारिज कीं, इसकी विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है। आदेश जारी हो चुका है, लेकिन कॉपी मिलना बाकी है।

### डिप्टी सीएम बोले- जांच में कोई चूक नहीं

पुलिस जांच पर उठ रहे सवालों को लेकर उपमुख्यमंत्री प्रेस्टन तिनसोंग ने कहा कि जांच एजेंसियों और एसआईटी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह सक्षम और सुसज्जित है तथा जांच में किसी प्रकार की कमी नहीं रही। उन्होंने कहा कि अदालतों में जमानत को लेकर अलग-अलग स्तर पर फैसले होते रहते हैं, लेकिन इससे पुलिस जांच पर सवाल नहीं उठाए जा सकते।

### सोनम की बेल पर हाईकोर्ट में सुनवाई

मामले में आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत अब कानूनी चुनौती का सामना कर रही है। मेघालय सरकार ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर बेल निरस्त करने की मांग की है। सरकार का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच और ट्रायल को देखते हुए जमानत रद्द की जानी चाहिए।

# गंदगी और बिना लाइसेंस चल रही कुल्फी फैक्ट्री सील

### खाद्य पदार्थों में लापरवाही पर शिकंजा, 29 नमूने जांच को भेजे; कई प्रतिष्ठान दायरे में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

खाद्य पदार्थों में मिलावट और अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य निर्माण के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ा अभियान चलाया है। बुधवार और गुरुवार को शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण कर कुल 29 खाद्य नमूने जांच के लिए एकत्रित किए गए। कई जगह गंभीर अनियमितताएं मिलने पर नोटिस जारी किए गए, जबकि एक प्रतिष्ठान का संचालन तत्काल बंद कराया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने धार रोड स्थित मां इंटरप्राइजेज पर औचक निरीक्षण किया। यहां ह्बॉम्बे चौपाटीह् ब्रांड की कुल्फी, आइसक्रीम और फ्रोजन डेजर्ट का निर्माण एवं भंडारण किया जा रहा था। जांच के दौरान कोई वैध खाद्य लाइसेंस या पंजीयन नहीं मिला। संचालक द्वारा केवल स्टोरेज के लिए जारी पुराना रजिस्ट्रेशन प्रस्तुत किया गया, जबकि परिसर में निर्माण, ट्रेडिंग और स्टोरेज



तीनों गतिविधियां संचालित हो रही थीं। निरीक्षण में कर्मचारी बिना कैप, ग्लव्स और एप्रोन के काम करते पाए गए। निर्माण स्थल पर गंदगी, मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्रों का अभाव और कुल्फी के सांचों को फर्श पर रखकर उपयोग किए जाने जैसी अनियमितताएं मिलीं। विभाग ने कुल्फी और फ्रोजन डेजर्ट के 8 नमूने जांच के लिए जब्त किए और प्रतिष्ठान का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आवश्यक स्वच्छता मानकों और वैध लाइसेंस के बाद ही संचालन की अनुमति दी जाएगी।

इसके अलावा बियाबानी धार रोड स्थित पंकज आइस कैंडी से आइस कैंडी और फ्रोजन डेजर्ट के 5 नमूने लिए गए। कलेक्टर हेल्पलाइन पर मिली शिकायत के आधार पर राधिका फरियाली एंड सैंडविच का निरीक्षण कर साफ-सफाई और पेस्ट कंट्रोल सुधारने के निर्देश दिए गए तथा साबूदाना खिचड़ी का नमूना जांच के लिए भेजा गया।

विभाग ने श्री साईं डोसा भवन से इडली और चटनी, चाइनीज वोक से सॉस और पनीर, एशिया 7 से हक्का नूडल्स तथा मोम स्टेशन जूस से पाइनएप्पल और मिक्स फ्रूट जूस के नमूने भी जांच के लिए लिए। एशिया 7 में वेज और नॉनवेज खाद्य पदार्थों का पृथक भंडारण नहीं मिलने पर नोटिस जारी किया गया। उपभोक्ता शिकायत पर ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण कर गंगवाल सूजी और मैदा के नमूने लिए गए। वहीं समोसा निक से समोसे का नमूना लिया गया। 6 मई को फ्रायो डीप से फ्रोजन डेजर्ट प्रीमिक्स, चॉकलेट वर्मीसेली और ग्रीक योगर्ट, जबकि डॉक्टर जोश से पाइनएप्पल जूस और सैंडविच के नमूने जांच के लिए लिए गए। इसी दौरान पालदा स्थित क्वालिटी केला कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण भी किया गया। यहां फलों को पकाने के लिए अनुमत रसायनों के उपयोग की पुष्टि हुई और विभाग ने संबंधित रिकॉर्ड की जांच की। प्रशासन का कहना है कि आमजन को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### इंदौर में हाईवे किनारे

# बैग में मिले 2.83 करोड़ रु, 84 नोट ही असली



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर-उज्जैन हाईवे पर गुरुवार सुबह सांवेर के पास खान नदी ब्रिज किनारे तीन लावारिस बैगों में 500-500 रुपए के नोटों की 566 गड्डियां मिलीं। इनकी कीमत करीब 2.83 करोड़ रुपए आंकी गई। हालांकि पुलिस और बैंक जांच में गड्डियों के ऊपर-नीचे असली नोट, जबकि बीच में सादे कागज मिले। बैंक मशीन से अब तक सिर्फ 84 नोट ही असली पाए गए हैं। सुबह किसान विजय ने बैग देख पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस को आशंका है कि असली-नकली नोटों का यह मिश्रण किसी ठगी या अवैध लेनदेन के लिए तैयार किया गया था। मामले की जांच की जा रही है।

# अंजना संभाग के शपथ समारोह में निराश्रित युवती को सिलाई मशीन भेंट की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

विजयनगर दिगंबर जैन महिला परिषद अंजना संभाग विजयश्री शाखा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती सविता जैन ने शपथ ग्रहण के पश्चात समारोह में परिषद की ओर से आर्थिक दृष्टि से कमजोर परिवार की युवती को जीविका पार्जन हेतु एक सिलाई मशीन भेंट की।

संत सदन में संपन्न समारोह में परिषद की केंद्रीय अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जैन ने श्रीमती सविता जैन को विजयश्री शाखा की अध्यक्ष एवं



श्रीमती विभा जैन को सचिव एवं श्रीमती रजनी पवैया को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रभा जैन, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष सरला सामरिया, मीना गोदरे संभाग अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता राजेश जैन, संस्थापक अध्यक्ष संतोष लुहाडिया, कल्पना बंडी एवं माधुरी जैन समारोह गौरव के रूप में उपस्थित थीं। सभी अतिथियों का शाल श्रीफल एवं मोतियों की माला से सम्मान किया गया। एमवाय अस्पताल में दवाइयां एवं नवजात शिशु के बस्त्र प्रदान किए गए।

## खबर एक नजर...

### विरोध में कल से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेगी कांग्रेस

**उज्जैन।** किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशोक जाट के खिलाफ जिला प्रशासन ने जिला बदर की कार्रवाई की है। इस निर्णय के विरोध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार और मुकेश भाटी कल 8 मई सुबह 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। कांग्रेस का कहना है कि अशोक जाट मंडी में लगातार किसानों की लड़ाई लड़ रहे थे, जिसके कारण प्रशासन ने उनके खिलाफ यह कदम उठाया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि किसानों की लड़ाई लड़ने वाले अशोक जाट को भाजपा सरकार के इशारे पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने छह माह के लिए जिला बदर किया है।

### लायंस क्लब के पांच दिवसीय शिविर का समापन

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जयिनी और अभय सेठिया परिवार द्वारा माता-पिता की स्मृति में आयोजित पांच दिवसीय दिव्यांग जन सेवा शिविर का 5 मई को सफलतापूर्वक समापन हो गया। भीषण गर्मी के बावजूद इस शिविर में 135 लोगों को चिन्हित कर 70 दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ और पैर लगाए गए।

इस शिविर में उज्जैन के अलावा छिंदवाड़ा, विदिशा, रतलाम, आगर मालवा और देवास जिले से आए दिव्यांगजन लाभान्वित हुए। सेवा प्रदाता श्री महावीर सेवा सदन कोलकाता से आए डॉ. एस.एस. प्रभाकर और उनकी विशेषज्ञ टीम ने मरीजों का परीक्षण कर सटीक माप लिया। इसके बाद शिविर स्थल पर ही कृत्रिम अंग तैयार कर मरीजों को फिट किए गए। एक मरीज की इस पूरी प्रक्रिया में लगभग पांच घंटे का समय लगा। इस दौरान दिव्यांगजनों और उनके परिजनों के लिए निःशुल्क चाय-नाश्ता व दोनों समय के भोजन की व्यवस्था सेठिया परिवार द्वारा की गई थी।

समापन अवसर पर लायंस क्लब उज्जयिनी के पदाधिकारी, रीजन चेयरपर्सन, जोन चेयरपर्सन और सदस्य उपस्थित रहे। समारोह में लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट उज्जैन के नवनिर्वाचित वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर वर्ष 2026-27 लायन संजय सक्सेना और रीजन चेयरपर्सन सत्येन्द्र श्रीवास्तव ने क्लब के सेवा कार्यों की सराहना की।

### खालसा की जमीनों पर अतिक्रमण देखकर संतों ने जताई गहरी नाराजगी

# सिंहस्थ तैयारियों का संतों ने किया निरीक्षण, शिप्रा के शुद्ध जल से शाही स्नान के निर्णय पर जताई खुशी

#### महाकाल दर्शन के बाद विभिन्न अखाड़ों और निर्माण कार्यों का लिया जायजा

#### डॉ. रामेश्वर दास ने दी शिप्रा शुद्धिकरण, नए घाटों और पुलों के निर्माण की जानकारी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अखिल भारतीय खालसा परिषद के अध्यक्ष एवं 700 खालसों के प्रमुख स्वामी माधवाचार्य जी के नेतृत्व में संतों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उज्जैन का दौरा किया।

इस दौरान स्वामी माधवाचार्य जी ने चल रहे विकास कार्यों पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। अपनी संतुष्टि जाहिर करते हुए उन्होंने कहा, ₹हम यहाँ आए, हमने सभी कार्यों को देखा और हमें बहुत अच्छा लगा। हमें पूर्ण संतोष है कि आगामी सिंहस्थ में सब कुछ बहुत अच्छा होगा।₹ हालाँकि, खालसा की जमीनों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर संतों ने कड़ी नाराजगी भी जताई।

श्री हजारी हनुमान मंदिर पवासा के श्री महंत काशीदास जी महाराज ने बताया कि उज्जैन आगमन पर सभी संतों ने सर्वप्रथम भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन किए। इसके पश्चात हजारीबाग हनुमान पवासा में प्रतिनिधिमंडल का भव्य स्वागत किया गया। यहां से संत दिगंबर अखाड़ा पहुंचे, जहां चरण पादुका पूजन संपन्न हुआ।

स्थानों का दौरा करते हुए संतों का प्रतिनिधिमंडल उन जमीनों का निरीक्षण करने पहुंचा जहां सिंहस्थ के दौरान खालसे लगते हैं। इन जमीनों पर हो रहे अवैध निर्माण और अतिक्रमण को देखकर संतों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और चिंता जताई कि इन स्थानों पर पक्के निर्माण कैसे हो रहे हैं। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने मंगलनाथ और अंगारेश्वर क्षेत्र का भ्रमण कर घाटों और अन्य निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान रामादल अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दास जी ने बाहर से आए सभी संतों को अवगत कराया कि इस बार सिंहस्थ कुंभ में शाही स्नान शिप्रा नदी के शुद्ध जल से ही होगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा शिप्रा नदी को सतत प्रवाहमान बनाए रखने के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार की इन व्यापक तैयारियों और विकास कार्यों की रूपरेखा को जानकर सभी संतों ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने शासन के कार्यों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि राज्य सरकार इस बार का सिंहस्थ अत्यंत दिव्य और भव्य रूप में आयोजित करेगी। महत्वपूर्ण दौरे में स्वामी माधवाचार्य जी के साथ रामादल अखाड़ा परिषद उज्जैन के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास जी, महंत भगवानदास जी, भोपाल गुफा मंदिर के महामंडलेश्वर राम प्रवेश दास जी महाराज, जगन्नाथ पुरी के महामंडलेश्वर रामकृष्ण दास जी महाराज, भावनगर के महामंडलेश्वर गरीबदास जी महाराज, नासिक के श्री महंत भक्ति दास जी महाराज, इंदौर के महामंडलेश्वर राधे-राधे बाबा, बांसवाड़ा के महामंडलेश्वर हरिओम दास जी, बनारस के महामंडलेश्वर रामलोचन दास जी महाराज, नडियाद के महंत श्री महावीर दास जी महाराज, इंदौर पंचकुइया के महामंडलेश्वर राम गोपाल दास जी महाराज, तेरा भाई त्यागी अयोध्या जी के महामंडलेश्वर बृजमोहन दास जी महाराज, महा त्यागी कैंप अयोध्या जी के महामंडलेश्वर सीताराम दास जी, उज्जैन निवार्णी अखाड़े के महंत दिग्विजय दास जी, दिगंबर अखाड़े के महंत रामचन्द्र दास जी तथा श्री हजारी हनुमान मंदिर उज्जैन के श्री महंत काशीदास जी महाराज उपस्थित रहे।

# 10वीं व 12वीं में 80% से अधिक अंक लाने वाले मेधावी होंगे सम्मानित

#### सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा होटल इंपिरियल में होगा 41वां प्रतिभा सम्मान समारोह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी शहर के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के लिए 41वां प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। आयोजन होटल इंपिरियल में संपन्न होगा।

संस्था अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को इस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उप संयोजक पं. दीपक पांडे एवं उपाध्यक्ष सोनू सिंह आनंद के अनुसार, समारोह में एमपी बोर्ड एवं केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थी आवेदन करने के पात्र हैं। प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपनी अंकसूची की फोटोकॉपी और एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आवेदन कर सकते हैं। मार्कशीट की फोटोकॉपी के पीछे अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर और प्रतिशत लिखना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने आवेदन श्री जी फाइनेंस फ्रीगंज, नूरजहां मेहंदी वाला कमरी मार्ग, होटल शाही दरबार नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहा, कैट कॉम कंप्यूटर फ्रीगंज, पंकज किराना स्टोर मुरलीपुरा, जुबली मेडिकल मदार गेट, हाजी रहीम भाई भूरा भाई साइकिल वाले एटलस चौराहा, सना बुटीक भैरूगढ़ या संस्था कार्यालय 48 अमरपुरा पर 25 जून तक जमा कर सकते हैं।

### 28वीं जिला स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग और डेड लिफ्ट स्पर्धा 10 मई को

# खिलाड़ियों का वजन व पंजीयन आज

#### मातृत्व दिवस और स्व. फिलोमेना एंथोनी की स्मृति में नागदा में होगा भव्य आयोजन

#### जिले भर से लगभग 230 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम, मिलेंगे नकद पुरस्कार और 12 बेस्ट लिफ्टर खिताब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में 28वीं जिला स्तरीय क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग और डेड लिफ्ट चैंपियनशिप 2026 का भव्य आयोजन 10 मई को नागदा में किया जाएगा। मातृत्व दिवस और स्वर्गीय फिलोमेना एंथोनी की पावन स्मृति में उज्जैन जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन तथा मदर मैरी हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस स्पर्धा में जिले भर के लगभग 230 खिलाड़ी भाग लेंगे।

उज्जैन जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जय सिंह यादव और सचिव कमल नंदवाना ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का वजन और पंजीयन शुक्रवार 8 मई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे के मध्य तरण ताल परिसर स्थित स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र में किया जाएगा। मुख्य स्पर्धा 10 मई को सुबह 9 बजे से तीन अलग-अलग स्टेजों पर एक साथ शुरू होगी।

#### इन वर्गों में होगी स्पर्धा और मिलेंगे ये पुरस्कार

यह चैंपियनशिप सब जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर्स महिला व पुरुष वर्गों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में उज्जैन जिले के साथ-साथ नागदा, तराना, खाचरोद, बड़नगर और महिदपुर तहसीलों के खिलाड़ी भाग लेंगे। स्पर्धा के दौरान खिलाड़ियों के लिए नकद पुरस्कारों के अलावा 12 स्ट्रांग मैन और स्ट्रांग वूमेन बेस्ट लिफ्टर अवार्ड के आकर्षक खिताब भी रखे गए हैं। चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के संरक्षक प्रेम सिंह यादव, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शैलेंद्र व्यास और मध्य प्रदेश शरीर सौष्ठव संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाह उपस्थित रहेंगे। आयोजन में संयोजक की भूमिका श्रीमती मारिया शेखावत और सहसंयोजक की जिम्मेदारी मनोज कपासिया निभा रहे हैं।

प्रतियोगिता में निर्णय की अहम भूमिका पॉवर लिफ्टिंग के नेशनल कैटेगरी 1 रेफरी दिलीप भूरिया, मनीष लश्करी, जितेंद्र चौहान, अंबिकेश तिवारी, कैलाश जोशी और निलेश जी द्वारा निभाई जाएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए संस्था प्रमुख बलराम यादव, शोएब कुरैशी, नरेंद्र मालवीय, अनिल चावंड और मनोज कपासिया ने जिले के सभी खिलाड़ियों से इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की है।

### अवंतिका में एक महीने तक गूंजेंगे श्रीहरि के जयकारे

# 17 मई से प्रारंभ होगा पवित्र ज्येष्ठ अधिक मास

#### नौ नारायण, सप्त सागर और 84 महादेव की यात्रा के लिए देश-विदेश से उज्जैन पहुंचेंगे श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र और पुण्यदायी माना जाने वाला अधिक मास इस वर्ष 17 मई से प्रारंभ हो रहा है। वर्ष 2026 में ज्येष्ठ माह के साथ अधिक मास का विशेष संयोग बन रहा है, जो 15 जून तक चलेगा। इस पूरे एक महीने तक धर्मधानी अवंतिका में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों की धूम रहेगी। देशभर से आने वाले श्रद्धालु भगवान विष्णु की विशेष आराधना के साथ नौ नारायण, सप्त सागर और 84 महादेव की यात्रा कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

अवंतिका के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, वास्तुविद एवं फलिताचार्य डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला के अनुसार, हिंदू पंचांग चंद्रमा की गति पर आधारित है, जबकि अंग्रेजी कैलेंडर सूर्य की गति के अनुसार चलता है। चंद्र वर्ष लगभग 354 से 355 दिनों का और सौर वर्ष 365 दिनों का होता है। हर वर्ष 10 से 11 दिनों का यह अंतर जब तीसरे वर्ष लगभग एक महीने के बराबर हो जाता है, तब पंचांग का संतुलन बनाए रखने के लिए एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है। इसे ही अधिक मास या मल मास कहा जाता है। 17 मई से 15 जून तक की यह अवधि साधना, भक्ति, दान और जप-तप के लिए सर्वोत्तम मानी गई है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, अतिरिक्त महीना होने के कारण प्रारंभ में इसे 'मल मास' कहा जाता था और शुभ कार्यों के लिए यह वर्जित था। कोई भी देवता इस मास का स्वामी बनने को तैयार नहीं था। तब यह मास भगवान विष्णु की शरण में पहुंचा। श्रीहरि ने करुणा दिखाते हुए इसे अपना नाम प्रदान किया और कहा कि अब से यह 'पुरुषोत्तम मास' कहलाएगा। भगवान विष्णु ने वरदान दिया कि इस मास में जो भी भक्त श्रद्धा और भक्ति के साथ उनकी पूजा करेगा, उसे वर्ष भर की साधना से भी अधिक पुण्य फल प्राप्त होगा। अनेक जन्मों के पापों का क्षय होगा और जीवन में सुख-समृद्धि आएगी।

अधिक मास के दौरान देश-विदेश से आने वाले भक्त अवंतिका में कई प्राचीन यात्राएं संपन्न करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से इन स्थानों पर श्रद्धालुओं का तांता लगेगाः

सप्त सागर यात्राः श्रद्धालु रुद्र सागर, पुष्कर सागर, क्षीर सागर, गोवर्धन सागर, रत्नाकर सागर उंडासा, विष्णु सागर और 16 सागर अर्थात पुरुषोत्तम सागर की यात्रा करेंगे।

नौ नारायण यात्राः शेष नारायण, पद्म नारायण, पुरुषोत्तम नारायण, आदि नारायण, सत्यनारायण, चतुर्भुज नारायण, लक्ष्मी नारायण, बद्री नारायण और अनंत नारायण के दर्शन होंगे।

## खबर एक नजर...

### महिला प्रकोष्ठ द्वारा जिला चिकित्सालय के शिशु वार्ड को भेंट की बेंचें

**मन्दसौर।** सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मानवता की मिसाल पेश करते हुए जिला चिकित्सालय के नए शिशु वार्ड में मरीजों के परिजनों की सुविधा हेतु आरामदायक बेंचें भेंट की गईं। यह सेवा कार्य वरिष्ठ समाजसेवी चमेली बाई के सौजन्य से भूपेंद्र कुमार-अंगूरबाला पितलिया की विवाह वर्षगांठ और अनमोल पितलिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेंद्र जैन ने महिला प्रकोष्ठ के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सक्षम परिवारों को अपने मांगलिक अवसरों पर ऐसे सेवा कार्य करने चाहिए जिससे जरूरतमंदों को सीधा लाभ मिले। गौशाला अध्यक्ष संजय लोढ़ा और भाजपा नेता अनिल कियावत ने भी इस पहल को अनुकरणीय बताया। महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री विनाली मेहता ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर समाज की विभिन्न महिला पदाधिकारी और अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों का उत्साह बढ़ाने के लिए लकी ड्रा का आयोजन भी किया गया।

### डॉ. एन. एस. हार्डिकर की जन्म जयंती मनाई

**मंदसौर।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की 138वीं जन्म जयंती के अवसर पर कांग्रेस सेवादल द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवादल जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार देवड़ा ने डॉ. हार्डिकर के योगदान को याद करते हुए बताया कि उन्होंने 1923 में हिंदुस्तान सेवादल की स्थापना की थी और वे देश की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहे। उनके योगदान के लिए उन्हें 1958 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और सेवादल पदाधिकारियों ने उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मोहनपुरी, प्रदीप बड़ोदिया, दशरथ राठौर सहित अनेक कार्यकर्ता और महिला नेत्री उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन राकेश सेन सम्राट द्वारा किया गया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 48 रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य पूर्ण

**मन्दसौर।** प्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मंदसौर जिले में जल संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। जिला पंचायत द्वारा चयनित कुल 180 कार्यों में से 48 रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है, जबकि 84 कार्यों पर निर्माण प्रक्रिया तेजी से जारी है। इन संरचनाओं के माध्यम से शासकीय भवनों में वर्षा जल का सीधे भूमि के भीतर संचय किया जा सकेगा, जिससे गिरते भू-जल स्तर में सुधार होगा और भविष्य में जल संकट से राहत मिलेगी। अभियान के तहत पकोलेशन तालाब, अमृत सरोवर और खेत तालाब जैसे कार्यों के माध्यम से भी जल पुनर्भरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्राचीन बावड़ियों के जीर्णोद्धार और सार्वजनिक प्याऊ की स्थापना पर भी जोर दिया है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए एक बगिया मां के नाम परियोजना के तहत फलदार पौधों का रोपण किया जा रहा है।

# हरसिद्धि की पाल से रामघाट तक मार्ग चौड़ीकरण में फिर नई मार्किंग, अतिरिक्त जमीन लेने की तैयारी

## गुरुवार को दोबारा की गई मार्किंग से लोगों में बढ़ा विरोध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



हरसिद्धि मंदिर से रामघाट तक प्रस्तावित मार्ग चौड़ीकरण को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में दोबारा मार्किंग किए जाने के बाद प्रभावित लोगों में नाराजगी और विरोध बढ़ गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले सेंट्रल लाइन मार्किंग के आधार पर उन्होंने अपने भवनों का हिस्सा तोड़कर सड़क चौड़ीकरण के लिए जमीन दे दी थी, लेकिन अब फिर से अतिरिक्त जमीन लेने की तैयारी की जा रही है।

पाटीदार धर्मशाला और प्रजापत धर्मशाला के लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा पहले की गई मार्किंग के अनुसार उन्होंने निर्माण हटाकर पर्याप्त जगह दे दी थी। इसके बावजूद अब नई मार्किंग कर अतिरिक्त जमीन मांगी जा रही है।

लोगों का कहना है कि नई मार्किंग के अनुसार किसी की 3 फीट, किसी की 7 फीट तो किसी की 18 से 19 फीट तक जमीन और प्रभावित हो रही है। कई मकान ऐसे हैं जो अब पूरी तरह चौड़ीकरण की जद में आ जाएंगे।

प्रभावित रहवासियों ने प्रशासन पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि चौड़ीकरण के नाम पर केवल एक तरफ के भवनों को तोड़ा जा रहा है, जबकि दूसरी ओर स्थित मुंबई धर्मशाला की तरफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

लोगों ने सवाल उठाया कि जब सड़क चौड़ीकरण किया जा रहा है तो दोनों ओर से समान रूप से जमीन ली जानी चाहिए, लेकिन फिलहाल केवल एक ओर के लोगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। श्री राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शांतिलाल गामी, सचिव मनोहर लाल पाटीदार एवं ट्रस्टी दिनेश पाटीदार ने संयुक्त रूप से कहा कि पहले प्रशासन की मार्किंग के अनुसार भवन तोड़े गए थे, लेकिन अब दोबारा मार्किंग कर अतिरिक्त जमीन मांगी जा रही है, जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी असंतोष है। क्षेत्र में स्थित मुंबई धर्मशाला को प्रशासन द्वारा अधिग्रहित किए जाने की भी जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि आगामी सिंहस्थ के दौरान इस धर्मशाला का उपयोग कंट्रोल रूम के रूप में किया जा सकता है।

### प्रबंधन में जल विभाग मात खा रहा ,पानी अभी पर्याप्त

# पीएचई के संदेश की देरी ने नागरिकों की समस्या बढ़ाई

### अंबोदिया प्लांट पर बिजली शट डाउन का संदेश देर रात दिया पीएचई ने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



गुरुवार सुबह आम शहरी नल के चलने का इंतजार करता रहा लेकिन नल नहीं चले। लोगों ने नगर निगम कंट्रोल रूम एवं पीएचई कंट्रोल रूम पर संपर्क किया तो सामने आया कि सप्लाय नहीं देने का संदेश सोश्यल मिडिया पर जारी किया गया था। इसे लेकर नागरिकों की समस्या और बढ गई दिन चढने के साथ सूरज निकलने से समस्या और गहरा गई। सामने आया कि पीएचई ने देर रात में संदेश जारी किया था। इस मामले में पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री के जवाब की अपेक्षा के लिए मोबाईल पर काल किया जाता रहा लेकिन वे देर तक नो रिप्लाय होते रहे।

गुरूवार को शहर में गैस टंकी की लाईन की तरह पानी को लेकर भी लाईन लग गई। पानी के लिए घरों में मारामारी की स्थिति बन गई । शहर में आमजन ने जहां और जैसे पानी मिल सका लिया है। इसके लिए हैंडपंप एवं नलकूप एवं कुओं का सहारा लेना आमजन की मजबूरी रही है। जैसे तैसे जितना पानी मिल सका आमजन ने उसी से काम चलाया है।

पीएचई ने बुधवार देर रात अपने संदेश में गंभीर डेम के इंटकवेल एवं अंबोदिया में बिजली का शटडाउन होने के कारण प्लांट संचालन में बाधा होने की जानकारी सोश्यल मिडिया पर साझा कर अपनी जिम्मेदारी पूर्ण कर ली थी । देर रात जारी संदेश व्हाटसप के ग्रुपों में चलता रहा। गुरुवार सुबह संदेश से अंजान आम शहरी नल आने का इंतजार करता रहा । जब नल के समय पर पानी नहीं आया तो लोगों ने नगर निगम एवं पीएचई कंट्रोल रूम से जानकारी जुटाई ।इसके बाद आमजन पानी के लिए इधर उधर भागा। मई माह की गर्मी में सुबह से ही सूरज तेजी में रहता है। ऐसे में आमजन को पानी के लिए हैंडपंप एवं नलकूपों पर पहुंचकर पानी की मशक्कत करना पडी। गर्मी की वजह से आमजन को परेशानी भी हुई।

### मंगलनाथ मंदिर के सामने की जर्जर सड़क बनी परेशानी का कारण

**उज्जैन।** शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल मंगलनाथ मंदिर के सामने की सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। जगह-जगह गड्ढे पड़ जाने और सड़क के उखड़ जाने से मार्ग पूरी तरह उबड़-खाबड़ हो गया है, जिससे यहां आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रतिदिन बड़ी संख्या में बाहर के श्रद्धालु मंगलनाथ मंदिर दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसके साथ ही इस मार्ग से काल भैरव, सिद्धवट और अंगारेश्वर महादेव जैसे अन्य प्रमुख मंदिरों तक भी लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में यह सड़क क्षेत्र की प्रमुख संपर्क मार्ग होने के बावजूद अपनी खराब हालत के कारण लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन गई है।

# पत्ती विक्रेताओं को निगमायुक्त की दो टूक हिदायत, सफाई का ध्यान रखें

### नंबर वन पर बने रहने के लिए कवायद तेज की गई,सुबह 4 बजे कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्वच्छता में नंबर वन पर बने रहने के लिए उज्जैन नगर निगम ने अपनी स्वच्छता बनाए रखने की कवायद तेज कर दी है। इसके चलते सुबह 4 बजे से ही अमला मैदान में उतर रहा है। आयुक्त अभिलाष मिश्रा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्टैंडअप मिटिंग ले रहे हैं। गुरुवार को पत्ती बाजार क्षेत्र में पहुंचे निगमायुक्त ने यहां पत्ती विक्रेताओं को दो टूक हिदायत दी है कि सफाई का ध्यान रखें अन्यथा बाजार बंद करें।

वार्ड क्रमांक 13 स्थित के पत्ती बाजार के विक्रेताओं को उन्होंने सख्त हिदायत दी कि बाजार खत्म होने के बाद सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें बची हुई पत्तियों को सड़क पर ना डालें अन्यथा बाजार बंद करना पड़ेगा। यही नहीं भारी जुमार्ना की कार्यवाही भी की जाएगी। निगमायुक्त ने वार्ड में सीवरेज कार्य का निरीक्षण किया । चैंबर्स को खुलवाते हुए लेवल देखा। नालियों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए,जिस पर अमल शुरू हो गया। जत्थों के रूप में नालियों के ऊपर से होकर घरों तक पहुंच रही पाइपलाइन को लेकर उन्होंने पीएचई विभाग से बात करते हुए 160 एमएम की लाइन डालने का कार्य के निर्देश दिए। उक्त कार्य सीवरेज के कार्य के साथ-साथ हो सके बाद में रोड को नहीं खोदना पड़े।

**वन टू वन चर्चा की-** गुरुवार को प्रातः 6 बजे ग्रांड होटल पर स्टैंडअप मीटिंग करते हुए आयुक्त ने अधिकारियों एवं आईईसी के सदस्यों निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था के अंतर्गत प्रमुख चौराहों के साथ-साथ वार्ड की गालियां भी साफ स्वच्छ हो। कचरे का ढेर कहीं भी ना बने तत्काल सफाई के बाद ढेरियां उठवा ली जाए। वार्डो में मुख्य रूप से कचरा सेग्रीगेशन पर नागरिकों से संवाद एवं जन जागरूकता गतिविधियों का कार्यक्रम संचालित किए जाएं। फील्ड में ज्यादा से ज्यादा मेहनत करते हुए स्वच्छता में हमें नंबर वन पर बने रहना है।

# सफाई का कार्य टीम वर्क के साथ करना है - निगम आयुक्त मिश्रा

### प्रातः 6 बजे स्टैंडअप मीटिंग में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर निगम आयुक्त द्वारा वन टू वन चर्चा की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 अंतर्गत उज्जैन शहर की स्वच्छता का हमें ध्यान रखना है शहर की सफाई का कार्य सिर्फ स्वास्थ्य विभाग तक ही सीमित नहीं है यह कार्य हम सभी को जिम्मेदारी निभाते हुए टीमवर्क के रूप में कार्य करना है और उज्जैन शहर का नाम सफाई में गौरवान्वित करना है यह बात निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा गुरुवार को प्रातः 6.00 बजे ग्रांड होटल पर स्टैंडअप मीटिंग करते हुए अधिकारियों एवं आईईसी के सदस्यों की उपस्थिति में कही गई।

स्टैंडअप मीटिंग में आयुक्त द्वारा निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था के अंतर्गत प्रमुख चौराहों के साथ-साथ वार्ड की गालियां भी साफ स्वच्छ हो, कचरे का ढेर कहीं भी ना बने तत्काल सफाई के बाद ढेरियां उठवा ली जाए वार्डो में मुख्य रूप से कचरा सेग्रीगेशन पर नागरिकों से संवाद एवं जन जागरूकता गतिविधियों का कार्यक्रम संचालित किए जाएं, फील्ड में ज्यादा से ज्यादा मेहनत करते हुए स्वच्छता में हमें नंबर वन पर बने रहना है इस दौरान आईईसी टीम सहित 150 से अधिक, कर्मचारी अधिकारी स्टैंडअप मीटिंग में उपस्थित रहकर सफाई को और बेहतर बनाने एवं वार्डों में सौंदर्यकरण करने पर चर्चा की गई।

इस दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, पवन कुमार सिंह, पुनीत शुक्ला, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त पवन कुमार, प्रवीण मुकाती, घनश्याम मचार, राघवेंद्र सिंह पालिया, स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास, आनंद विजय सिंह राठौड़, जोनल अधिकारी, उपयंत्री उपस्थित रहें।

## खबर एक नजर...

### शुभम रावल शिवसेना के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**नीमच।** शिवसेना के संगठन विस्तार और मजबूती को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने नीमच जिले की कमान युवा और कर्मठ चेहरा शुभम रावल को सौंपी है। शिवसेना के प्रदेश प्रभारी सुरेश गुर्जर एवं रंजन स्वामी की अनुशंसा पर शुभम रावल को विधिवत शिवसेना नीमच का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शुभम रावल की यह नियुक्ति उनके द्वारा पिछले लंबे समय से किए जा रहे सामाजिक और धार्मिक कार्यों को देखते हुए की गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, रावल क्षेत्र में पीड़ित लोगों की आवाज उठाने, जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहने और युवाओं के बीच अपनी विशेष लोकप्रियता के लिए जाने जाते हैं। उनके इन्हीं सेवाभावी कार्यों और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है। शुभम रावल की नियुक्ति की खबर मिलते ही नीमच जिले के शिवसैनिकों और उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है।

### पानी की मोटर में छुपाकर ले जाई जा रही एमडी ड्रग व अफीम जप्त

**मंदसौर।** कोतवाली पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए 50 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति स्कूटी पर पानी की मोटर के भीतर मादक पदार्थ छुपाकर तस्करी के लिए रेलवे स्टेशन की ओर आ रहा है। घेराबंदी कर पुलिस ने ग्राम दावतखेड़ी निवासी इमरान पिता मीरगुल उर्फ बंटी पठान को पकड़ा। तलाशी लेने पर विद्युत मोटर की बॉडी के अंदर चतुराई से छुपाया गया 500 ग्राम एमडी ड्रग और 500 ग्राम अफीम बरामद हुआ। जब्त की गई ड्रग की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 50 लाख रुपये और अफीम की एक लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी की स्कूटी और मोबाइल भी जप्त किए हैं। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में शहर के कई अन्य संदिग्धों के नाम सामने आए हैं, जिनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है।

### 9 मई को कृति संस्था याद करेगी रविन्द्र नाथ टैगोर को

**नीमच।** शहर की सामाजिक संस्था कृति द्वारा बंगाली कैलेंडर के अनुसार कवि कुल गुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर की जन्म जयंती 9 मई को मनाई जाएगी द्य कृति संस्था द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और उनका पुण्य स्मरण प्रातः 9.30 बजे किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी और सचिव रघुनंदन पाराशर ने बताया की विश्व प्रसिद्ध साहित्य गीतांजलि रचना के रचयिता रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाई जावेगी द्य संस्था के प्रचार सचिव कृष्णकुमार शर्मा ने संस्था के सदस्यों और नगर के साहित्य प्रेमियों से टैगोर प्रतिमा स्थल पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया है ।

# ओर है न छोर है, यह सुशासन का दौर है : मुख्यमंत्री

## रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत-अभिनंदन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने बुधवार को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुँचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का परंपरानुसार स्वागत अभिनन्दन किया।

इस दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप उपस्थित रहे। रतलाम के समाजजनों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं मनोनीत पदाधिकारियों द्वारा आयोजित स्वागत एवं धन्यवाद समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जैसी नीयत होती है, ऊपरवाला वैसी ही बरकत देता है। हमारा प्रदेश देश में सुशासन के जरिए लोक कल्याण का पर्याय बन चुका है। लोक कल्याण के अवसर सबको मिलते हैं, लेकिन जो हृदय की गहराईयों से लोगों के कल्याण की सोच रखते हैं, ईश्वर उसकी मदद



करते हैं।

हमारी सरकार लोक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्ध सोच, कर्मठता, समर्पण और नवाचारों के साथ आगे बढ़ रही है। आज प्रदेश के हर कोने में, हर छोर में सुशासन का दौर है। उन्होंने कहा कि हमने "विरासत से विकासझ्झ की अपनी परम्परा को कायम रखते हुए जनहित में अधिकाधिक नवाचार अपनाकर प्रदेश की तरक्की के नए रास्ते बनाये हैं। प्रदेश की जनता की सेवा, कल्याण और सबके जीवन में खुशहाली लाने में हम कोई कसर नहीं रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि "सच्चा वादा- पक्का कामझ्झ यही हमारी सरकार का मूलमंत्र है। प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और वन पर्यटन बढ़ाने के लिए हम भरपूर प्रयास कर रहे हैं। पर्यटन बढ़ेगा तो प्रदेश में रोजगार बढ़ेंगे और इसका सीधा लाभ हमारे अपने नागरिकों को होगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अभी और भी आयोग-निगम-मंडलों एवं विकास प्राधिकरणों में नियुक्ति की जाएंगी। प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए सभी सुयोग्य व्यक्तियों को अवसर दिया जाएगा। एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप ने इस अवसर पर रतलाम के विकास की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विकसित मध्यप्रदेश के साथ विकसित रतलाम का संकल्प व्यक्त किया। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव का रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, प्राधिकरण के उपाध्यक्षद्वय गोविंद काकानी एवं प्रवीण सोनी, सदस्य राजेन्द्रसिंह गोयल, राजेन्द्र मौर्य, धीरज व्यास, राखी व्यास एवं किरण महावर ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन कर-के उन्हें जनकल्याण का सेवा दायित्व देने के लिए आभार ज्ञापित किया। इस दौरान महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय मंचासीन रहे। संचालन जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने किया।

### प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल का भी अभिनन्दन किया

रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित समारोह से पूर्व प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुँचकर प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमन्त खण्डेलवाल का भी एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में स्वागत, अभिनन्दन किया और नियुक्ति के लिए आभार जताया। उन्होंने प्रदेश कार्यालय परिसर में स्थित भाजपा के पितृपुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय सहित पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरी कांग्रेस, गैस सिलेंडर को पहनाई माला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों और लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में बुधवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने शहर में सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। व्यवसायिक गैस सिलेंडर के दामों में हाल ही में की गई करीब ९९३ रूपए की बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस ने अनोखे तरीके से विरोध जताते हुए गैस सिलेंडर को माला पहनाकर उसे श्रद्धांजलि अर्पित की और सरकार की आर्थिक नीतियों को आमजन विरोधी बताया।

उल्लेखनीय है कि बुधवार सुबह 8 से 10 बजे तक चले इस विशेष जनसंवाद कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे और सीधे दुकानदारों, चाय-नाश्ते के ठेला संचालकों, होटल व्यवसायियों और अन्य छोटे व्यापारियों से संवाद किया। इस दौरान व्यापारियों ने खुलकर अपनी समस्याएं साझा कीं। उनका कहना था कि गैस सिलेंडर की कीमतों में अचानक हुई भारी वृद्धि से उनके रोजमर्रा के खर्च में भारी इजाफा हुआ है, जिससे मुनाफा तो दूर, लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। कई व्यापारियों ने यह भी कहा कि यदि इसी तरह महंगाई बढ़ती रही, तो उन्हें अपना व्यवसाय बंद करने की नौबत आ सकती है। कांग्रेस नेताओं ने इस मूल्य वृद्धि को आम आदमी और छोटे व्यापारियों पर सीधा आर्थिक बोझ बताते हुए इसे जेब पर डाका करार दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आम जनता महंगाई की मार झेलने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर उस व्यक्ति के साथ खड़ी है जो इस आर्थिक संकट से जूझ रहा है। बाहेती ने स्पष्ट किया कि जब तक आमजन को राहत नहीं मिलती और कीमतों पर नियंत्रण नहीं होता, तब तक कांग्रेस का यह विरोध और संघर्ष लगातार जारी रहेगा। जनसंवाद के दौरान कार्यकताओं ने लोगों को बढ़ती महंगाई के दुष्परिणामों से अवगत कराया और सरकार की नीतियों के खिलाफ जागरूकता भी बढ़ाई। यह कार्यक्रम शहर के प्रमुख मार्गों और बाजारों से होकर गुजरा, जहां आम लोगों ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी और कई स्थानों पर कांग्रेस के इस अभियान को समर्थन मिला। कार्यक्रम में जावद विधानसभा प्रभारी चन्द्रशेखर शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल चोरसिया, ब्लॉक अध्यक्ष मोनू लोक्स, ओम दीवान आदि उपस्थित थे।

### डॉ. मुखर्जी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक सक्रियता को धार देने के उद्देश्य से च्तपोभूमिच जिला भाजपा कार्यालय पर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करने के साथ ही जमीनी स्तर पर संगठन को अभेद्य बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक का शुभारंभ डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक में विधायक दिलीपसिंह परिहार, नगरपालिका अध्यक्ष स्वाति चैपडा, जिला प्रभारी सुभाष पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हेमन्त हरित, मण्डल प्रभारी योगेश जैन, मण्डल अध्यक्ष मोहनसिंह राणावत, मण्डल महामंत्री विक्की छाबडा मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरूआत में स्वागत उद्बोधन मंडल अध्यक्ष मोहनसिंह राणावत ने दिया। क्षेत्रीय विधायक दिलीपसिंह परिहार ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि संगठन की असली शक्ति हमारे बूथ और शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता हैं। जो कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर पसीना बहाएगा, उसे संगठन में प्राथमिकता दी जाएगी।

### महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को दस करोड़ की मानहानि का नोटिस : बीजेपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

जिले की आलोट से बीजेपी विधायक डॉ चिंतामणि मालवीय ने मप्र महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया को मानहानि का नोटिस भेजा है। विधायक ने अपने वकील के माध्यम से रीना बोरासी को 10 करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस दिया है। रीना बोरासी द्वारा मीडिया में दिए गए उन बयानों को लेकर यह नोटिस भेजा गया है जिनमें बोरासी ने विधायक पर यौन शोषण और अवैध कब्जे जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। विधायक ने एक स्थानीय चैनल को भी लीगल नोटिस भेजा है।रीना बोरासी ने कुछ दिन पहले राज्यपाल मंगुभाई पटेल से लोकभवन भोपाल में मुलाकात के बाद मीडिया को बयान दिया था। जिसमें उन्होंने विधायक पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने एक महिला को लेकर कहा था कि उस महिला ने मुझे एफिडेविट के साथ सुबूत दिए हैं। वही राज्यपाल को देने आई हूं। मप्र का एक नेता, विधायक और पूर्व सांसद इस तरह से महिलाओं पर अत्याचार करेगा। उनका योन शोषण करेगा, उसके घर और पैतृक जमीन पर कब्जा करेगा। अपने 25-30 गुंडों को भिजवाकर यशटर तोड़े, 70 साल की महिला पर अत्यावार किया। मेरी सरकार और राज्यपाल से मांग है कि संबंधित की विधायकीर रद्द की जाए।

# खेती को लाभ का धंधा बनाना भाजपा का लक्ष्य

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसोदिया ने प्रेस वार्ता में कांग्रेस को घेरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

भाजपा के नवगठित मंदसौर संभाग के मीडिया प्रभारी और प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसोदिया ने जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित अपनी पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर की उपस्थिति में सिसोदिया ने कहा कि कांग्रेस राजनीतिक लाभ के लिए किसानों को भ्रमित कर रही है और नेशनल हाईवे पर चक्काजाम जैसे प्रदर्शन कर प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार किसानों की उपज का एक-एक दाना खरीदने के लिए



पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सिसोदिया ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा दिए गए ७८ लाख टन गेहूं खरीदी के लक्ष्य को मुख्यमंत्री के आग्रह पर बढ़ाकर १०० लाख टन कर दिया गया है और आवश्यकता पड़ने पर इसे और भी बढ़ाया जाएगा।

पूर्व विधायक सिसोदिया ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो कार्य भाजपा ने 20 वर्षों में किए, वे कांग्रेस 55 सालों में भी नहीं कर पाई। उन्होंने मुलताई गोलीकांड और कमलनाथ सरकार की कर्जमाफी के वादों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस को किसान विरोधी बताया। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गेहूं के समर्थन मूल्य में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है और मध्यप्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहाँ 2585 रु. के समर्थन मूल्य पर 40 रुपये का अतिरिक्त बोनस देकर 2625 रु. प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जा रही है। सिसोदिया ने कृषि क्षेत्र में भाजपा की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज मध्यप्रदेश सात बार कृषि कर्मण पुरस्कार जीत चुका है और बासमती चावल से लेकर गेहूं तक का विदेशों में निर्यात कर रहा है।

सिंचाई और आर्थिक सहायता के विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार गांधीसागर से लेकर संजीत क्षेत्र तक सूक्ष्म सिंचाई योजना के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि जहाँ कांग्रेस के समय किसानों को 17 प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिलता था, वहीं भाजपा सरकार २५ हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध करा रही है। पत्रकार वार्ता के अंत में संभाग के तीनों जिलों में गेहूं खरीदी के आंकड़े भी साझा किए गए। मंदसौर जिले में अब तक 1 लाख 30 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीदी की जा चुकी है, सिसोदिया ने विश्वास दिलाया कि उपार्जन केंद्रों पर टोकन व्यवस्था के माध्यम से पारदर्शी तरीके से खरीदी जारी है और किसी भी किसान को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

# बुरहानपुर में भाजपा ने विजयोत्सव मनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति में बुरहानपुर में आयोजित भाजपा के भव्य विजयोत्सव-जन विश्वास का उत्सव के बाद पश्चिम बंगाल में हुई हिंसक घटना पर विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी की निर्मम हत्या की घटना को लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस का हिंसक और क्रूर चेहरा एक बार फिर देश के सामने उजागर हुआ है।




उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए को मिली ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में बुरहानपुर में भाजपा का भव्य विजयोत्सव उत्साह एवं गौरव के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक अंदाज में झालमुड़ी वितरण कर लोकतंत्र की इस ऐतिहासिक जीत का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और राष्ट्रहित की दिशा में आगे बढ़ रहा है तथा बंगाल में मिली विजय जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद, सुशासन और जनकल्याण की राजनीति को मजबूत कर रही है।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में मिली यह विजय देश की जनता द्वारा विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर लगाए गए विश्वास की स्पष्ट अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिसके कारण जनता भाजपा एवं एनडीए के साथ मजबूती से खड़ी दिखाई दे रही है। भाजपा ने हमेशा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। विजयोत्सव के कुछ ही समय बाद पश्चिम बंगाल से आई खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए चिटनिस ने कहा कि राजनीतिक हिंसा, भय और आतंक के माध्यम से विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतंत्र की मूल भावना पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस चुनावी हार की खीज निकाल रही है। अगर वे चुनाव जीत जाते तो खून की नदियां बहा देते। राजनीतिक प्रतिशोध और हिंसा की राजनीति लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि गत विधानसभा चुनावों के दौरान संगठन की ओर से उन्हें पश्चिम बंगाल में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने स्वयं वहां का भयावह वातावरण देखा है। चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच लगातार डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ था। चुनाव संपन्न होने और उनके वापस लौटने के बाद भाजपा के निष्ठावान कार्यकताओं के घरों में आग लगा दी गई थी। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि राज्य सरकार को तत्काल प्रभाव से इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त सजा दिलानी चाहिए, ताकि लोकतंत्र की मयार्दा और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। चिटनिस ने दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।



## पूर्व विधायक की पुण्यतिथि पर पक्षियों के लिए सकोरे वितरण का आयोजन

आलोट। पूर्व विधायक स्व. अशोक सांखला की पुण्यतिथि के अवसर पर आज जन अभियान परिषद, विकासखंड आलोट द्वारा श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत अरिहंत कॉलोनी, सांखला परिवार एवं भारत विकास परिषदआलोट द्वारा घर-घर पक्षियों के पानी के लिए सकोरे (मिट्टी के पात्र) वितरित किए गए। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद शाखा आलोट अध्यक्ष कमल गुप्ता सचिव मनीष फरक्या राजेश मंडवारिया ,नवांकुर अध्यक्ष जगदीश जी शर्मा, परामर्शदाता पूजा संदीप सांखला, हेमेंद्र सिंह निगम, मिथिलेश जोशी (एडवोकेट), हिमालय सांखला, रवि सिसोदिया,अमित चौधरी, कमलेश, शासकीय महाविद्यालय आलोट का स्टाफ एवं अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

# पानीपुरी के ठेले पर सट्टा लगा रहे दो सगे भाइयों को तीन-तीन माह का कारावास

### बुरहानपुर कोर्ट ने सुनाई सजा, 40,500 रुपये नकद और दो मोबाइल जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर कोर्ट ने आईपीएल क्रिकेट सट्टेबाजी के मामले में गुरुवार को दो सगे भाइयों को तीन-तीन माह के साधारण कारावास और एक-एक हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है। यह फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भारत सिंह भंवर ने सुनाया।

### पानीपुरी के ठेले पर ले रहे थे सट्टा

उपनिरीक्षक विक्रम सिंह बामनिया और आरक्षक दुर्गेश को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रास्तीपुरा निवासी दीपक पिता कैलाश और राजू पिता कैलाश, दोनों भाई जयस्तंभ चौराहे के पास अपनी पानीपुरी के ठेले पर आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा ले रहे हैं। वे मुंबई इंडियंस और दिल्ली डेविल्स के मैच पर हार-जीत का दांव लगवा रहे थे।

**मोबाइल फोन और नकदी जब्त**

सूचना के आधार पर पुलिस टीम जयस्तंभ चौराहे पहुंची। महाकाली पानीपुरी सेंटर के ठेले के पास मोबाइल फोन पर बात करते हुए दो व्यक्ति दिखे। पुलिस ने घेराबंदी कर दीपक उर्फ हेमू (26) और राजू (28), दोनों निवासी रास्तीपुरा, बुरहानपुर को पकड़ा। आरोपियों के मोबाइल फोन की जांच करने पर आईपीएल क्रिकेट से संबंधित हिसाब, आईडी, व्हाट्सएप चैटिंग और रिकॉर्डिंग पाई गई। दीपक के कब्जे से एक वीवो कंपनी का मोबाइल और 15,400 रुपये नकद जब्त किए गए। वहीं, राजू के पास से ओप्पो कंपनी का मोबाइल और 25,100 रुपये नकद बरामद हुए।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। न्यायालय ने अभियुक्तों को पब्लिक गैम्बलिंग मध्यप्रदेश एक्ट 1976 की धारा 4 (क) के तहत दोषी पाया। प्रकरण में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अनिलसिंह बघेल और उषा इंगले ने पैरवी की।

# सेवाओं में सुधार के लिए अस्पतालों में दंत चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

प्रदेश के ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता और सुदृढ़ी करण हेतु बीडीएस डिग्रीधारी दंत चिकित्सकों को संविदा चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्त करने की मांग विधायक सचिन बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से की है।इस संबंध में विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया है।पत्र में कहा गया है कि वर्षों से ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में चिकित्सकों की कमी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।इस कारण आमजन को समय पर समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र के रोगियों को छोटी और सामान्य बीमारियों के लिए भी चिकित्सा के लिए बड़े शहरों में आना पड़ता है। पत्र में मांग की गई है कि ग्रामों और सुदूरवर्ती आदिवासी इलाकों में चिकित्सकों की कमी की समस्या के त्वरित एवं स्थायी समाधान के लिए बीडीएस डिग्रीधारी युवा चिकित्सकों को संविदा के आधार पर चिकित्सा अधिकारी के पद पर सेवा देने का अवसर प्रदान किया जाए। उल्लेखनीय है कि बीडीएस दंत चिकित्सक पाठ्यक्रम के दौरान शरीर विज्ञान के बुनियादी विषयों का गहन अध्ययन करते हैं और सामान्य रोगों के उपचार में सक्षम एवं प्रशिक्षित होते हैं।इस आधार पर दंत चिकित्सक सामान्य और मौसमी बीमारियों का प्रभावी उपचार कर सकते हैं। इसके अलावा दुर्घटना एवं महामारी जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा भी कर सकते हैं।दंत चिकित्सकों की नियुक्ति से ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाएं सर्वसुलभ होंगी। पत्र में कहा गया है कि प्रदेश के अस्पतालों में बीएएमएस एवं बीएचएमएस चिकित्सकों को चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने का पात्रता प्रदान की गई है। उसी तर्ज पर बीडीएस स्नातकों को भी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए।

## नागेश्वर तीर्थ में हर्षोल्लास के साथ सीमंधर स्वामी की वार्षिक ध्वजा चढ़ाई



आलोट । समीपस्थ उन्हैल में गुरुवार को जैन तीर्थ नागेश्वर पार्श्वनाथ स्थित श्री जिनकुशल सूरी दादावाड़ी परिसर में सीमंधर भगवान और दादा श्री जिन कुशल सूरी की चतुर्थ वार्षिक ध्वजा साध्वी चंदनबाला श्रीजी आदि ठाणा 10 की निश्रा में विधि विधान से चढ़ाई गई। ध्वजा चल समारोह और अर्पण श्री संघ की उपस्थिति में चल समारोह निकालकर लाभार्थी परिवार द्वारा ध्वजा अर्पित की गई। ध्वजा के लाभार्थी महिदपुर के अजय कुमार चोपड़ा परिवार रहे। इसी अवसर पर नूतन विचक्षण चंद्रभवन एवं चंदनबाला आराधना भवन का भी शुभारंभ हुआ। चंद्रभवन के मुख्य लाभार्थी नई दिल्ली के महेंद्र सिंघी परिवार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान अखिल भारतीय खतर गच्छ संघ अध्यक्ष रिखबचंद्र झाड़जूर भी उपस्थित थे।

## सनावद सब्जी मंडी में बिगड़े हालात के चलते लगने लगा है जाम

सनावद। कृषि उपज मंडी समिति के द्वारा संचालित नगर की सब्जी मंडी के हालात दिनों दिन बिगड़ते ही जा रहे हैं इसका मुख्य कारण है व्यापारियों के द्वारा बीच सड़क में अपना वाहन खड़ा कर खाली करवाना है जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है जाम मंडी गेट से बाहर सड़क तक पहुंच जाता है जिसके कारण कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है मंडी में आने जाने वाले छोटे व्यापारी जिसे लेकर काफी परेशान और चिंतित है उन्हें अंदर आने जाने में काफी परेशानी होती है परेशानी होने के बाद भी समय रहते वह उचित खरीदी नहीं कर पाते हैं वहीं कांग्रेस नेता सब्जी व्यापारी दीपक बैसवार का आरोप है कि मंडी के बड़े व्यापरियों के द्वारा बीच रास्ते में गाड़ी खड़ी करवा कर खाली करवाते हैं और उन्हें कई बार बोलने के बाद भी नहीं मानते हैं मंडी सचिव को भी मौखिक बताया जा चुका है इस बारे में किंतु मंडी सचिव के द्वारा अभी तक सब्जी मंडी का निरीक्षण नहीं किया गया उनके द्वारा सिर्फ आश्वासन हीं दिया जाता है कि हम सब्जी मंडी में उत्पन्न समस्याओं का जल्द निराकरण करेंगे किन्तु समस्याएं जस की तस बनी हुई है।

# उत्कृष्ट कार्य हेतु जनगणना प्रगणक सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

नगर परिषद द्वारा जनगणना कार्य में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रगणको और पर्यवेक्षकों कों परिषद में आयोजित समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप संतोष मोयदे,मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय रावल, जनगणना लिपिक कैलाश वर्मा,भूपेन्द्र तोमर ने पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया हैं।



नगर के पांच जनगणना ब्लॉक में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया हैं। सम्मानित होने वालों में ब्लॉक पर्यवेक्षक सुनील जमरे, आशीष ब्राह्मणे, अमिष सिंदल, प्रगणक संजय राज पाटीदार, गुलाब सिंह सिंगारे, लोकेन्द्र नामदेव, अतुल शर्मा एवं संजय कुमार पाटीदार शामिल हैं। जनगणना कार्य के चार्ज अधिकारी एवं सी एम ओ संजय रावल ने इस अवसर पर कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय कार्य हैं जनगणना कार्य में लगे सभी प्रगणक और पर्यवेक्षक भी अपना कार्य शीघ्रता और शुद्धता के साथ पूर्ण करें।

आम नागरिक भी इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें।जनगणना पूर्ण होने के बाद देश के विकास का नया अध्याय शुरू होगा। भारत सरकार के गृह मंत्रालय और जनगणना कार्य निदेशालय मध्य प्रदेश सरकार, कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी खरगोन श्रीमति भव्या मित्तल के निर्देश अनुसार नगर में 1 मई से 30 मई तक जनगणना के प्रथम चरण में मकानों का सुचीकरण किया जा रहा हैं। नगर मंडलेश्वर के 15 वार्डो के लिए कुल 22 गणना ब्लॉक बनाए गए हैं

# थाना नागलवाड़ी में जब्त 12 वाहनों की सार्वजनिक नीलामी 13 मई को

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

थाना नागलवाड़ी क्षेत्रांतर्गत धारा 25 पुलिस एक्ट के तहत जब्त कुल 12 वाहनों के निस्तारण हेतु सार्वजनिक नीलामी का आयोजन किया जा रहा है। यह नीलामी दिनांक 13 मई 2026 को दोपहर 12 बजे पुलिस चौकी ओझर, थाना नागलवाड़ी परिसर में संपन्न होगी। नीलामी में शामिल वाहनों का अवलोकन इच्छुक व्यक्तियों द्वारा थाना नागलवाड़ी एवं पुलिस चौकी ओझर में किया जा सकता है। नीलामी संबंधी शर्तें एवं आवेदन/फॉर्म कार्यालय थाना नागलवाड़ी, जिला बड़वानी से कार्यालयीन दिवसों में दिनांक 7 मई 2026 से 12 मई 2026 तक सायं 5 बजे तक प्राप्त किए जा सकेंगे। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। नीलामी की समस्त कार्यवाही सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से संपन्न की जाएगी। वाहनों का विक्रय च्जैसी स्थिति में हैं के आधार पर किया जाएगा तथा वाहन संबंधी समस्त वैधानिक देयताओं का वाहन क्रेता द्वारा किया जाएगा।

## भाजपा की बूथ स्तर की तैयारियों को लेकर मंडल की बैठक सम्पन्न

सनावद। भारतीय जनता पार्टी सनावद ग्रामीण मंडल की बूथ स्तर की रणनीति को लेकर आयोजित बैठक जिला मंत्री एव मंडल प्रभारी दुलीचंद बांके के आतिथ्य में अभिज्ञान स्कूल ग्राम साला में सम्पन्न हुई। पितृपुरुष के चित्र पर माल्यार्पण करके अतिथियों का स्वागत करके कार्यक्रम की शुरूआत हुई मंडल अध्यक्ष सोहन यादव ने स्वागत भाषण करते हुए कहा संगठन द्वारा मंडल का विस्तार हुआ हे पहले 66 बूथ थे अब 73 बूथ हो गए हे साथ ही शक्तिकेंद्र पहले 7 थे अब 10 हो गए हे संगठन काम को ओर अधिक आसान बनाने हेतु यह निर्णय लिया गया



## बिग बॉस फेम बसीर अली ने कैमरामैन को पीटा

**दावा- पार्टी में शराब पीकर एक्ट्रेसेस से कर रहा था बदतमीजी, प्रिंस नरूला, शिव ठाकरे भी थे मौजूद**

बिग बॉस 17 फेम बसीर अली का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो एक कैमरामैन को बुरी तरह पीटते हुए नजर आ रहे हैं। अफरा-तफरी के बीच बसीर अली काफी एग्रेसिव दिखे। इस दौरान वहां प्रिंस नरुला और शिव ठाकरे भी मौजूद रहे।

सामने आए वीडियो में देखा जा रहा है कि बसीर अली ने कैमरामैन को थप्पड़ मारा और उसे घसीटा, जिसके बाद उस शख्स ने बसीर की तरफ बोतल फेंककर मारी। वहां मौजूद लोग भी दोनों को अलग करवाते नजर आए। कुछ देर बार पुलिस ने पहुंचकर मामला संभाला।

दावा किया जा रहा है कि मारपीट का ये वायरल वीडियो प्रिंस नरुला के रेस्टोरेंट की ओपनिंग का है। बसीर के अलावा उस पार्टी में प्रिंस नरुला, शिव ठाकरे, स्प्लिट्सविला कंटेस्टेंट सौंदर्या शेट्टी और कियारा भी थे। जैसे ही सौंदर्या और कियारा पार्टी में पहुंचीं एक कैमरामैन ने उन्हें देखते ही उन पर आपत्तिजनक कमेंट्स किए। जब सौंदर्या ने ये बात बसीर को बताई, तो वो उनकी सिक्योरिटी के लिए हर बार उनके साथ बाहर जा रहे थे। एक दो बार फिर उस कैमरामैन ने बदतमीजी की। बसीर ने इस पर आपत्ति जताई थी। पार्टी खत्म होने के बाद जब बसीर कार की तरफ जाने लगे, तो वो कैमरामैन उन्हें देखकर गालियां देने लगा। ये देख बसीर ने उसे पीटना शुरू कर दिया। वीडियो में साथ देखा जा सकता है कि प्रिंस नरुला और शिव ठाकरे दूर खड़े झगड़ा देख रहे थे।

# फिल्म बंदर का टीजर रिलीज

## रेट्रो लुक में दिखे बॉबी देओल, असल घटना पर आधारित अनुराग कश्यप ने की डायरेक्ट, 5 जून को आएगी






बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म बंदर का टीजर जारी हो चुका है। 1 मिनट 29 सेकंड के टीजर में बॉबी देओल समर नाम के पहचान खो रहे एक्टर के किरदार में नजर आ रहे हैं, जिसकी जिंदगी एक केस से हमेशा के लिए बदल जाती है।

टीजर की शुरूआत 70 के दशक के डिस्को अवतार से रिमैजिन रेट्रो स्टाइल सॉन्ग कम ऑन बेबी, दिल किसको देगी से होती है। इसके बाद बॉबी देओल के किरदार का परिचय होता है। बॉबी ने समर नाम के एक ऐसे एक्टर का किरदार निभाया है, जो किसी जमाने में स्टार था और अब पहचान बनाए रखने के लिए जद्दोजहद कर रहा है।

बदलते दौर में अब समर शादियों में परफॉर्म करता है, जिसके बाद एक-एक कर फिल्म के दूसरें किरदारों का परिचय होता है। सबा आजाद ने फिल्म में बॉबी देओल की डेट का रोल निभाया है।


सपना पब्बी उनकी एक्स के रोल में है। टीजर में ट्विस्ट तब आता है जब एक रोज अचानक समर की गिरफ्तारी होती है। टीजर में कुछ जेल सीन और कोर्ट के सीन भी शामिल किए गए हैं।

फिल्म की कहानी समर के इर्द-गिर्द है, जो संगीन आरोप लगने के बाद खुद को बेगुनाह साबित करने की मशक्कत करता है। यहां से जो सामने आता है, वो उस कहानी की झलक है जो शुरूआत में दिखने वाली चीजों से कहीं ज्यादा बड़ी और उलझी हुई है।

इस फिल्म को देव डी, ब्लैक फ्राइडे, अगली और गैंग्स ऑफ वासेपुर जैसी फिल्में बना चुके अनुराग कश्यप ने डायरेक्ट किया है। ये बॉबी और अनुराग की पहली फिल्म है। फिल्म में बॉबी देओल, सपना पब्बी, सबा आजाद के अलावा सान्या मल्होत्रा, राज बी शेट्टी और रिद्धी सेन जैसे एक्टर्स भी हैं।

### असल घटना पर आधारित है फिल्म बंदर

फिल्म बंदर भारत में हुई एक असल घटना पर आधारित है। फिल्म का लेखन सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी ने मिलकर किया है, जो पाताल लोक, कोहरा और उड़ता पंजाब जैसी बेहतरीन कहानियों के पीछे की मशहूर जोड़ी है। अनुराग कश्यप के डायरेक्शन और निखिल द्विवेदी की 'सैफरन मैजिकवर्क्स' के प्रोडक्शन में बनी यह फिल्म जी स्टूडियोज के सपोर्ट के साथ 5 जून 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




## नोरा फतेही ने अश्लील गाने पर माफी मांगी

**महिला आयोग से बोलीं- अब ऐसे आइटम सॉन्ग नहीं करूंगी, अश्लीलता फैलाने का इरादा नहीं था**

फिल्म केडी द डेविल के गाने 'सरके चुनर' में अश्लीलता फैलाने के मामले में गुरुवार को बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश हुईं। नोरा ने आयोग को लिखित माफीनामा सौंपा और स्पष्ट किया कि उनका इरादा किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं था। नोरा ने महिला आयोग से कहा की आगे से वे ऐसे आइटम सॉन्स नहीं करेंगी जिससे महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचे या समाज में महिलाओं के प्रति गलत संदेश जाए। इसी के साथ नोरा ने अनाथ बच्चियों के की शिक्षा का खर्च उठाने की जिम्मेदारी भी ली है। 'मुझे हिंदी वर्जन की जानकारी नहीं थी' दिल्ली में महिला आयोग की चेयरपर्सन विजया रहाटकर के सामने पेश होने के बाद नोरा ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, मैंने लिखित में माफी मांग ली है। एक कलाकार के तौर पर मैं अपनी जिम्मेदारी समझती हूं। मेरा इरादा किसी को आहत करने का नहीं था, लेकिन यह एक ऐसी स्थिति थी जिसमें मुझे डाल दिया गया था। इससे पहले नोरा ने दावा किया था कि उन्होंने केवल कन्नड़ वर्जन के लिए शूटिंग की थी और उनकी सहमति के बिना इसे हिंदी में डब किया गया। अनाथ लड़कियों की पढ़ाई का उठाएंगी खर्च माफी मांगने के साथ ही नोरा ने घोषणा की कि वह अनाथ लड़कियों की शिक्षा को स्पॉन्सर करेंगी।

# टॉक्सिक की फर्जी खबरों पर भड़कीं कियारा आडवाणी






**फिल्म में खुद के बोल्ड सीन्स हटाने की खबरों को बताया बकवास**

यश की आने वाली फिल्म टॉक्सिक की लीड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने सोशल मीडिया पर चल रहीं फर्जी खबरों पर अपना गुस्सा जाहिर किया है। दरअसल कई रिपोर्टस में दावा किया गया था कि कियारा ने यश के साथ अपने कुछ रोमांटिक और बोल्ड सीन्स को छोटा करने या हटाने की मांग की है।

यह भी दावा किया जा रहा था कि कियारा ने यश के साथ एक 'बोल्ड रोमांटिक सीक्वेंस' शूट किया था। फाइनल आउटपुट देखने के बाद कियारा असहज हो गईं और उन्होंने मेकर्स से इसे ट्रिम करने की रिक्वेस्ट की। अब कियारा ने सोशल मीडिया पर इसी तरह की पोस्ट को री-शेयर करते हुए लिखा, बिल्कुल बकवास।

उन्होंने इस तरह की सभी खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है। फिल्म में यश का डबल रोल गीतू मोहनदास के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म में यश 'राया' और 'टिकट' नाम के दो अलग-अलग किरदारों (डबल रोल) में नजर आएंगे। फिल्म में कियारा आडवाणी के किरदार का नाम 'नादिया' है। इस गैंगस्टर ड्रामा में नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत जैसे स्टार्स भी अहम भूमिकाओं में हैं।

बार-बार टल रही है फिल्म की रिलीज डेट रिलीज की बात करें तो टॉक्सिक के दर्शकों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। फिल्म पहले 10 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे बढ़ाकर 2026 कर दिया गया। इसके बाद 19 मार्च 2026 की तारीख सामने आई, जिसे पश्चिम एशिया के हालातों और फिल्म धुरंधर 2 के साथ क्लैश से बचने के लिए फिर टाल दिया गया।

लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक, फिल्म अब 4 जून 2026 को भी रिलीज नहीं हो रही है। मेकर्स जल्द ही नई फाइनल डेट का एलान कर सकते हैं।

## लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 9 रन से हराया

# प्रिंस ने कोहली को जीरो पर बोल्ड किया

### पंत के हाथ से बल्ला छूटा मार्श ने लखनऊ के लिए सबसे तेज शतक जड़ा







ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल में गुरुवार को खेले गए मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 9 रन से हरा दिया।

इकाना स्टेडियम में मिचेल मार्श ने लखनऊ के लिए सबसे तेज शतक जड़ा। वहीं, युवा गेंदबाज प्रिंस यादव ने विराट कोहली को शून्य पर बोल्ड कर झटका दिया। मैच के दौरान ऋषभ पंत के हाथ से बल्ला छूटने वाला मजेदार पल भी देखने को मिला।



**मार्श के छक्के से कैमरामैन के सिर पर लगी बॉल–** लखनऊ की पारी के दूसरे ओवर में मिचेल मार्श ने जोश हेजलवुड की बॉल पर दो छक्के लगाए। उनका दूसरा छक्का बाउंड्री पर मौजूद कैमरामैन के सिर पर जा लगा। हालांकि, चोट ज्यादा नहीं लगी।

**बारिश के कारण मैच तीन बार रुका–** पहली पारी के दौरान बारिश के कारण तीन बार मैच रोकना पड़ा। पहली बार दूसरे ओवर में बारिश आई और मैच करीब 10 मिनट तक रुका रहा। इसके बाद 9वें ओवर के बाद लखनऊ में फिर बारिश आ गई और खेल रोकना पड़ा। 14वें ओवर के बाद फिर बारिश शुरू हो गई और मैच करीब आधे घंटे तक रुका रहा।

**पंत के हाथ से बल्ला छूटा, चौका भी मिला–** 17वें ओवर की तीसरी बॉल पर ऋषभ पंत के हाथ से बल्ला छूट गया। हालांकि, इस बॉल पर उन्हें चौका मिल गया। हेजलवुड की यॉर्कर ऑफ स्टंप के बाहर थी, जिस पर पंत ने जोरदार शॉट खेला। गेंद पॉइंट की ओर चौके के लिए गई, लेकिन शॉट के दौरान उनका बल्ला हाथ से छूटकर लेग साइड में जा गिरा।

**पंत को जीवनदान, कैच छूटा, बेथेल की उंगली में चोट लगी–** 17वें ओवर की 5वीं बॉल पर ऋषभ पंत को जीवनदान मिला। जोश हेजलवुड की लो फुल टॉस गेंद पर पंत ने शॉट खेला और गेंद डीप मिडविकेट की ओर गई। बाउंड्री से दौड़ते हुए बेथेल ने कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन कैच छूट गया। इस दौरान उनकी उंगली चोटिल हो गई और खून निकलने लगा। चोट के बाद उन्हें कुछ समय के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा।

**कोहली को प्रिंस यादव ने बोल्ड किया–** दूसरी पारी के दौरान बेंगलुरु ने दूसरे ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। विराट कोहली जीरो पर आउट हुए। उन्हें प्रिंस यादव ने बोल्ड किया। करीब 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की गेंद गुड लेंथ पर ऑफ स्टंप के बाहर पिच हुई। कोहली आगे बढ़कर खेलने गए, लेकिन गेंद अंदर आई और सीधे ऑफ स्टंप से टकराकर स्टंप उखाड़ गई।

**पाटीदार की छक्के से फिफ्टी–** 10वें ओवर में कप्तान रजत पाटीदार ने छक्के से फिफ्टी पूरी की। उन्होंने मयंक यादव की दूसरी बॉल पर डीप बैकवर्ड स्क्वैयर लेग के ऊपर छक्का लगाया। अगली बॉल पर उन्होंने 101 मीटर का छक्का जड़ा।

**मार्श ने लखनऊ के लिए सबसे तेज शतक लगाया–** लखनऊ के बल्लेबाज मिचेल मार्श ने बेंगलुरु के खिलाफ मैच में टीम के लिए सबसे तेज शतक लगाया। उन्होंने गुरुवार को इकाना स्टेडियम में सिर्फ 49 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। इससे पहले यह रिकॉर्ड ऋषभ पंत के नाम था। उन्होंने पिछले साल 54 गेंदों में शतक लगाया था।

**भुवनेश्वर 200 आईपीएल मैच खेलने वाले पहले पेसर–** बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार 200 **आईपीएल** मैच खेलने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। भुवनेश्वर 200 मैच खेलने वाले कुल 12वें खिलाड़ी बने हैं। इससे पहले 5 अप्रैल को वे युजवेंद्र चहल के बाद आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले दूसरे और पहले तेज गेंदबाज बने थे।

## आईपीएल में आज दिल्ली-कोलकाता

# प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए कैपिटल्स को जीत जरूरी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

आईपीएल में आज दिल्ली कैपिटल्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। दिल्ली के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा है। टीम 10 मैचों में 8 पॉइंट्स के साथ सातवें नंबर पर है। प्लेऑफ की उम्मीदें बनाए रखने के लिए उसे बाकी चारों मैच जीतने होंगे। वहीं, आठवें नंबर पर मौजूद केकेआर को अगले दौर में पहुंचने के लिए अपने सभी पांच मैच जीतने होंगे।

दोनों टीमों के बीच अब तक 34 मैच खेले गए हैं। डीसी ने 14 और केकेआर ने 19 मैच जीते हैं। एक मैच टाई रहा, जिसे डीसी ने जीता। पिछले सीजन में दोनों के बीच खेले गए मुकाबले में कोलकाता जीता था। दिल्ली का मैनेजमेंट अपनी बल्लेबाजी को लेकर चिंतित है। पिछले मैचों में जब भी पिच से गेंदबाजों को मदद मिली, दिल्ली का टॉप ऑर्डर ताश के पत्तों की तरह ढह गया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ टीम एक समय 9 रन पर 6 विकेट गंवा चुकी थी। गुजरात टाइटंस के राशिद खान और चेन्नई के स्पिनर्स के सामने भी बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए थे। ऐसे में टीम को लगता है कि सपाट पिच पर ही बल्लेबाज खुलकर रन बना पाएंगे। दिल्ली के लिए केएल राहुल ने इस सीजन में 445 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 180 के करीब रहा है। वे टीम के टॉप रन स्कोरर हैं। दिल्ली की गेंदबाजी इस सीजन में सबसे कमजोर कड़ी साबित हुई है। मुख्य स्पिनर कुलदीप यादव अपने करियर के खराब दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने 10 मैचों में सिर्फ 7 विकेट लिए हैं और 10 से ज्यादा की इकॉनमी से रन दिए हैं। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार, टी नटराजन और आकिब नबी डार का इकॉनमी रेट 11 से 13 के बीच है।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









### दिल्ली नगर निगम की

## 26 फीसदी हिस्सेदारी खरीदकर एनटीपीसी ने न्यूज पर पूरा नियंत्रण हासिल किया




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

सरकारी बिजली कंपनी ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की 26% हिस्सेदारी खरीदकर संयुक्त उद्यम कंपनी एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड पर पूरा नियंत्रण हासिल कर लिया है। इस अधिग्रहण के बाद न्यूज अब एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन गई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसने एमसीडी और न्यूज के साथ 11 जून 2019 के संयुक्त उद्यम समझौते को समाप्त करने और एमसीडी की हिस्सेदारी खरीदने के लिए समझौता किया है।

**कितनी हिस्सेदारी खरीदी गई-** अब तक न्यूज में एनटीपीसी की 74% और एमसीडी की 26% हिस्सेदारी थी। एनटीपीसी ने एमसीडी के पास मौजूद 52,000 इक्विटी शेयर खरीदे हैं। प्रत्येक शेयर का फेस वैल्यू 10 रुपये है। इस तरह कुल अधिग्रहण लागत 5.20 लाख रुपये रही। कंपनी के अनुसार, इस खरीद को एनटीपीसी बोर्ड और एमसीडी की हाउस ऑफ कॉर्पोरेशन से मंजूरी मिल चुकी है।

**क्या काम करती है न्यूज कंपनी-** न्यूज की स्थापना 1 जून 2020 को की गई थी। यह कंपनी दिल्ली में वेस्ट मैनेजमेंट और कचरे से ऊर्जा उत्पादन कारोबार में काम करती है। कंपनी का रजिस्टर्ड ऑफिस दिल्ली में है। यह संयुक्त उद्यम उस समय बनाया गया था जब पूर्वी दिल्ली नगर निगम (ईडीएमसी) और एनटीपीसी ने मिलकर कचरा प्रबंधन और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में काम शुरू करने का फैसला किया था। विशेषज्ञों के अनुसार, इस कदम से एनटीपीसी को वेस्ट-टू-एनर्जी बिजनेस में स्वतंत्र फैसले लेने और परियोजनाओं के संचालन को अधिक तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

### सरकारी बैंकों और बॉन्ड बाजार में बड़े सुधार की तैयारी

# छोटे कारोबारियों को मिलेगा सस्ता कर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विकसित भारत के लिए बैंकिंग क्षेत्र के सुधारों और कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार के विस्तार पर वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू की विस्तृत बिजनेस रिपोर्ट पढ़ें। जानें कैसे एमएसएमई और किसानों के लिए पूंजी होगी सुलभ।


भारत को 'विकसित भारत' बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश के बैंकिंग क्षेत्र और कॉर्पोरेट बॉन्ड बाजार में व्यापक संस्थागत सुधारों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने शुक्रवार को एक ग्रोथ कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की बैलेंस शीट से जुड़ी बाधाओं को दूर करने के लिए जल्द ही एक उच्च स्तरीय समिति काम शुरू करेगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रणाली को अधिक समावेशी बनाना और छोटे कारोबारियों से लेकर किसानों तक सस्ते कर्ज की पहुंच सुनिश्चित करना है।

**बैंकिंग समिति का दायरा और प्रमुख उद्देश्य-** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी 2026 के अपने बजट भाषण में 'विकसित भारत के लिए बैंकिंग पर उच्च स्तरीय समिति' के गठन का प्रस्ताव रखा था। नागराजू के अनुसार, सरकार जल्द ही इस पैनल के लिए 'टर्म्स ऑफ रेफरेंस' (शर्तें और अधिकार क्षेत्र) की घोषणा करेगी। इस समिति का मुख्य कार्य बैंकिंग क्षेत्र की समग्र समीक्षा करना है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बैंकिंग प्रणाली भारत की विकास जरूरतों के अनुरूप हो, लेकिन इसके साथ ही वित्तीय स्थिरता, वित्तीय समावेशन और उपभोक्ता संरक्षण के बुनियादी ढांचे से कोई समझौता न हो। समिति का फोकस इस बात पर भी रहेगा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अपनी पूंजी का अधिक इष्टतम उपयोग कैसे कर सकते हैं।

**अंतिम छोर तक सस्ती पूंजी और कड़े नियम-** वित्तीय प्रणाली की सफलता केवल पूंजी की प्रचुरता में नहीं, बल्कि इसकी सामर्थ्य में निहित है। सचिव ने स्पष्ट किया कि जब कर्ज की लागत परियोजनाओं के अंतर्निहित जोखिम से अधिक होती है, तो कई व्यवहार्य परियोजनाएं शुरू ही नहीं हो पाती हैं। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा पहली पीढ़ी के उद्यमियों, छोटे व्यवसायों और ग्रामीण कर्जदारों को उठाना पड़ता है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि फसल वित्त के लिए किसानों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए किफायती दर पर पूंजी उपलब्ध हो।

इसके साथ ही, बाजार में किसी भी तरह की विसंगति से बचने के लिए उन्होंने कड़े नियमों की वकालत की। सहकारी बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र की पिछली गड़बड़ियों का हवाला देते हुए नागराजू ने कहा कि वित्तीय बाजारों को कम विनियमन नहीं, बल्कि बेहतर और डिजाइन किए गए विनियमन की आवश्यकता है।

भारत की आर्थिक वृद्धि के अगले चरण के लिए केवल मजबूत बैंक ही नहीं, बल्कि बॉन्ड, मुद्रा और डेरिवेटिव बाजारों के बीच एक प्रभावी तालमेल की आवश्यकता है। राजकोषीय प्रबंधन की गुणवत्ता, मौद्रिक स्थिरता और निवेशकों का विश्वास ही अंततः पूंजी की लागत तय करेंगे। मौजूदा चर्चाओं से साफ है कि 'विकसित भारत' के विजन को एक पारदर्शी, सुलभ और सशक्त वित्तीय ढांचे के माध्यम से साकार करने की दिशा में तेजी से कदम उठाए जा रहे हैं।



### कॉरपोरेट बॉन्ड बाजारः मिडिल टियर का संकट

- केवल बैंकिंग सुधार ही पर्याप्त नहीं हैं; देश के कॉर्पोरेट बॉन्ड बाजार को गहरा और अधिक सुलभ बनाना भी सरकार के अहम एजेंडे में शामिल है। नागराजू ने इस बात पर गहरी चिंता जताई कि भारत में जारी होने वाले 90-95 प्रतिशत बॉन्ड 'एए' या उससे ऊपर की उच्च रेटिंग वाली कंपनियों के होते हैं।
- **अमेरिकी बाजार से तुलनाः** अमेरिका में बॉन्ड बाजार का एक बड़ा हिस्सा 'ए' और 'बीबीबी' रेटिंग वाली कंपनियों का है, जबकि भारत में यह 'मिडिल टियर' लगभग अस्तित्वहीन है।
- **फंडिंग की समस्याः** शीर्ष रेटिंग न होने के कारण कई छोटी व मध्यम कंपनियों को लंबी अवधि के लिए पूंजी जुटाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।
- **क्या है समाधानः** दीर्घकालिक संस्थागत निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ सेकेंडरी मार्केट में तरलता में सुधार और लेन-देन की बाधाओं को कम करने की आवश्यकता है।

### भारतीय कंपनियों से

## अमेरिका में रिकॉर्ड 20.5 अरब डॉलर का निवेश



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में 20.5 अरब डॉलर का रिकॉर्ड निवेश कर 'सेलेक्टयूएसए' शिखर सम्मेलन में धूम मचाई। फार्मा, विनिर्माण, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में निवेश से हजारों नौकरियों का सृजन होगा और द्विपक्षीय व्यापार को गति मिलेगी। भारत की शीर्ष कंपनियों ने अमेरिका में निवेश के लिए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मैरीलैंड में आयोजित 2026 'सेलेक्टयूएसए' निवेश शिखर सम्मेलन में भारतीय कंपनियों की ओर से अमेरिका में 20.5 अबर डॉलर के रिकॉर्ड निवेश की घोषणा की गई है। यह निवेश विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में किया जाएगा, जो दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेगा।


**निवेश के प्रमुख क्षेत्र और प्रभाव-** यह भारी-भरकम निवेश मुख्य रूप से फार्मास्यूटिकल्स, उन्नत विनिर्माण, ऊर्जा अवसंरचना और उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में केंद्रित है। इन निवेशों से न केवल अमेरिका में हजारों नई नौकरियों पेदा होने की उम्मीद है, बल्कि यह दोनों देशों में उत्पादन क्षमता का विस्तार करेगा और संयुक्त नवाचार को बढ़ावा देगा। 'सेलेक्टयूएसए' निवेश शिखर सम्मेलन, अमेरिकी वाणिज्य विभाग की एक पहल है, जिसका उद्देश्य संयुक्त राज्य अमेरिका में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को आकर्षित करना है। इस वर्ष के सम्मेलन में भारतीय कंपनियों की भागीदारी ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में एक नए अध्याय की शुरूआत की है। इस अवसर पर, अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने नई दिल्ली में 'सेलेक्टयूएसए' के किक-ऑफ रिसेप्शन में कहा, मुझे 2030 तक अमेरिका-भारत द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के हमारे लक्ष्य को आगे बढ़ाने पर गर्व है।

# बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता से रियल एस्टेट सेक्टर के सेंटिमेंट कमजोर, रिपोर्ट में दावा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच देश के रियल एस्टेट सेक्टर के सेंटिमेंट यानी भावना लगातार कमजोर होती जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार मौजूदा सेंटिमेंट स्कोर 60 से गिरकर 49 पर और भविष्य का सेंटिमेंट स्कोर 61 से गिरकर 50 पर आ गया है।

बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच देश के रियल एस्टेट सेक्टर के सेंटिमेंट यानी भावना लगातार कमजोर होती जा रहे हैं। राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद (नरेडको) और नाइटफ्रैंक के सेंटिमेंट इंडेक्स 2026 की पहली तिमाही की रिपोर्ट जारी कर बताया है कि मौजूदा सेंटिमेंट स्कोर 60 से गिरकर 49 पर और भविष्य का सेंटिमेंट स्कोर 61 से गिरकर 50 पर आ गया है। वैश्विक अनिश्चितता के बीच रियल एस्टेट सेक्टर सतर्कता के दौर में प्रवेश कर गया है। **कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने**



**मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ाया-** नरेडको के अनुसार सेंटिमेंट में यह नरमी वैश्विक व्यापक आर्थिक अस्थिरता के कारण है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ाया है, जिससे निर्माण और लॉजिस्टिक लागत प्रभावित हुई हैं और परियोजनाओं की व्यवहार्यता पर असर पड़ा है। साथ ही सख्त परिस्थितियों की वजह से स्टॉकहोल्डर्स अधिक सतर्क रुख अपना रहे हैं। हालांकि भारत की आर्थिक बुनियाद काफी स्थिर और मजबूत बनी हुई है, बावजूद इसके भू-राजनीतिक परिस्थितयां अब रियल स्टेट की मांग और आपूर्ति की गतिशितला को प्रभावित कर रही हैं।

**आवासीय मांग में नरमी-** नरेडकों और नाइटफ्रैंक की रिपोर्ट के अनुसार आवासीय यानी घरों की मांग में नरमी देखने को मिल रही है। वर्ष 2026 की पहली तिमाही में बिक्री और नई लॉन्च में नरमी देखी गई है, जो चक्रीय समकेन और खरीदारों की सतर्कता को दर्शाता है। निकट भविष्य में मांग में और कमजोरी आने की संभावना है, जबकि संपत्ति की कीमतें स्थिर बनी रह सकती हैं, या बढ़ती रह सकती है। लेकिन भविष्य के लिए चुनौतियां बनी हुई हैं। रिपोर्ट बताती है कि 52 प्रतिशत उत्तरदाताओं का कहना है, घरों बिक्री में गिरावट आएगी।

**डेवलपर्स अधिक सतर्क हो गए हैं-** आपूर्ति पक्ष पर भी इसी तरह की नरमी देखने को मिल रही है, क्योंकि नए प्रोजेक्ट लॉन्च की गति धीमी हो गई है और डेवलपर्स अधिक सतर्क हो गए हैं। वही मांग कमजोर होने के बाद भी घरों की कीमतें अभी भी मजबूत बनी हुई हैं। लगभग 73 उत्तरदाताओं का कहना है कि कीमतें या तो बढ़ेंगी या फिर स्थिर रहेंगी। इसकी मुख्य वजह बढ़ती लागत जिसमें निर्माण सामग्री, लेबर और ऋण कीमतों को ऊंचा बनाए रखना है। ये लागत घरों की कीमतों को बढ़ा सकती हैं।

**ऑफिस बाजार में वृद्धि की उम्मीद-** ऑफिस बाजार में वृद्धि की उम्मीद फिलहाल देखने को मिल रही है। लिजिंग स्थिर रहने की उम्मीद है। जिसकी मुख्य वजह प्रमुख बाजारों में सीमित आपूर्ति किराय में वृद्धि को समर्थन दे रही हैं। इसलिए हम आनेवाले अवधि में इस बाजार में स्थिरता की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि पिछली तिमाहियों की तुलना में वृद्धि की गति धीमी हुई है। ऑफिस लिजिंग मांग स्थिर बनी हुई है।

### निजी बैंक बनेंगे दूसरे बैंकों की ताकत

## आरबीआई के इस फैसले से कारोबार में बढ़ेगी पारदर्शिता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


आरबीआई की मंजूरी के बाद निजी बैंक अब सिर्फ ग्राहकों और मुनाफे की दौड़ तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि रणनीतिक निवेश के जरिए एक-दूसरे के पूंजी ढांचे को मजबूत करेंगे। एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक को अन्य बैंकों में हिस्सेदारी बढ़ाने की अनुमति मिली है, जिससे बैंकिंग सेक्टर में भरोसा बढ़ा है।

अब निजी क्षेत्र के बड़े बैंक सिर्फ ग्राहकों की संख्या और मुनाफे की होड़ तक सीमित नहीं रह गए हैं बल्कि एक-दूसरे के कारोबार और पूंजी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में भी कदम बढ़ा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हालिया फैसले इसी बदलाव की ओर इशारा करते हैं। आरबीआई ने एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक को अन्य बैंकों में हिस्सा बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। एचडीएफसी बैंक को अपने समूह की अन्य कंपनियों के साथ आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक में कुल 9.95 फीसदी तक हिस्सेदारी रखने की अनुमति मिली है। एचडीएफसी बैंक समूह में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी लाइफ, एचडीएफसी एर्गो, एचडीएफसी पेंशन फंड और एचडीएफसी सिक्योरिटीज जैसी कंपनियां शामिल हैं। इसी तरह कोटक महिंद्रा बैंक अब एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और फेडरल बैंक में 9.99 फीसदी तक हिस्सेदारी रख सकता है। इसका मतलब यह नहीं कि ये बैंक दूसरे बैंकों का अधिग्रहण करने जा रहे हैं। यह एक वित्तीय या रणनीतिक निवेश की तरह है। मजबूत बैंकिंग समूह अपने ही सेक्टर की अच्छी कंपनियों में लंबी अवधि के अवसर देख रहे हैं। इससे कमजोर बैंकों को सहारा मिल सकता है।

**बाजार पर क्या असर पड़ेगाः** बैंकिंग शेयरों के लिए अब माहौल सकारात्मक हो सकता है। बैंकिंग क्षेत्र कुछ समय से जमा वृद्धि, मार्जिन दबाव और मूल्यांकन की चिंता से जूझ रहा था। ऐसे में बड़े बैंकिंग समूहों की हिस्सेदारी बढ़ाने की मंजूरी बाजार को यह संकेत देती है कि सेक्टर में लंबी अवधि की वैल्यू अभी बची हुई है।

## दिल्ली-पटना फ्लाइट टर्बुलेंस में फंसी, लोग चिल्लाने लगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में बुधवार को बारिश हुई। वहीं बिहार, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में ओले भी गिरे।

बिहार के पटना में बुधवार रात भारी बारिश हुई। इसी बीच इंडिगो की एक फ्लाइट टर्बुलेंस में फंस गई, जिससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हालांकि बाद में इसे लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

उत्तर प्रदेश में तापमान 40℃ से नीचे आ गया है। हालांकि, आज 44 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। बिहार में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई।

गुजरात का राजकोट देश में सबसे गर्म रहा। यहां का तापमान 42.9℃ दर्ज किया गया। वहीं, महाराष्ट्र के वाशिम में तापमान 42.6℃ रहा। राजस्थान के फलोदी में 42.8℃ तापमान दर्ज किया गया। जयपुर सहित कई जिलों में बुधवार को तेज धूप रही। जयपुर में सड़कों पर पानी का भी छिड़काव किया गया। मौसम विभाग ने 8 मई से हीटवेव की भी चेतावनी दी है। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम समेत ऊंची चोटियों पर लगातार चौथे दिन बर्फबारी हुई।

### कश्मीर में एडवांस हथियारों वाली 1500 विलेज गार्ड्स की फौज:

# 5 जिलों के ग्रामीण जवानों के साथ 12-12 घंटे की ड्यूटी कर रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों ने गांव स्तर पर सुरक्षा तंत्र काफी मजबूत किया है। पिछले एक साल में पांच जिलों में 1500 से ज्यादा विलेज डिफेंस गार्ड्स (वीडीजी) को ट्रेनिंग दी गई है।

इसमें हथियार चलाना, टैक्टिकल मूवमेंट, सर्विलांस व इमरजेंसी रिस्पॉन्स शामिल है। वहीं, .303 राइफल की जगह एसएलआर, बुलेटप्रूफ जैकेट व वायरलेस कम्युनिकेशन सेट भी दिए जा रहे हैं। ये ग्रामीण सीमाई इलाकों में जवानों के साथ 12-12 घंटे की ड्यूटी कर रहे हैं। राजौरी के अमित कुमार कहते हैं कि पिछले एक साल में कई बार घुसपैठ की कोशिशें हुईं, पर वीडीजी सदस्यों ने समय रहते सेना और



पुलिस को अलर्ट किया।

उनके मुताबिक गांव में कोई अजनबी आता है तो लोग तुरंत पहचानकर मूवमेंट की सूचना देते हैं। रात में सुरक्षा बलों के साथ जॉइंट पेट्रोलिंग भी होती है। पिछले एक साल में जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं से होने वाली मौतों में लगभग 27.5% की कमी दर्ज की गई है। जहां हमले से पहले वाले साल में कुल 127 मौतें हुई थीं, वहीं पिछले एक साल में यह आंकड़ा घटकर 92 रह गया है। हिंसा का सबसे गहरा असर पर्यटन पर पड़ा है, जिससे पर्यटकों की सालाना संख्या 33 लाख से गिरकर 11.60 लाख रह गई है। पर्यटकों का भरोसा बहाल करने के लिए कई स्तरों पर कोशिशें की जा रही हैं।

### पुलिस: 50-60% इनपुट ह्यूमन इंटेलिजेंस पर

एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक सर्च ऑपरेशन में 60% इनपुट ह्यूमन इंटेलिजेंस पर आधारित होते हैं। बॉर्डर और पहाड़ी गांवों में स्थानीय लोग और वीडीजीज सदस्य सर्विलांस की पहली परत की तरह काम करते हैं। इनकी वजह से कई आतंकी वारदात रोकने में सफलता मिली है।

**अमरनाथ यात्रा:** सीएपीएफ की 190 कंपनियां होंगी सुरक्षा में तैनात 3 जुलाई से शुरू होने वाले अमरनाथ यात्रा की तैयारियां के बीच चुनाव ड्यूटी के लिए दूसरे राज्यों में गईं सीएपीएफ की 190 कंपनियां जम्मू-कश्मीर लौटने लगी हैं। ये कंपनियां अगले दो हफ्ते में पहुंच जाएंगी। प्रशासन का फोकस टूरिस्ट लोकेशन और हाईवे की सुरक्षा पर है। हर कंपनी में करीब 100 जवान होते हैं।

## यूपी-बिहार में बारिश, राजस्थान में ओले गिरे:एमपी में आंधी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर और मध्य भारत में गर्मी के बीच बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार में गुरुवार को बारिश हुई। वहीं बिहार और हिमाचल प्रदेश में ओले भी गिरे। बिहार के जमुई समेत 5 जिलों में तेज बारिश हुई। राजस्थान के अलवर, टोंक और कोटपूतली-बहरोड़ जिले में गुरुवार दोपहर बाद मौसम बदला और बारिश और ओलावृष्टि हुई। इस दौरान ओले भी गिरे। प्रदेश का तापमान 2℃ से 3℃ बढ़ सकता है।

हिमाचल प्रदेश के शिमला, जुब्बरहट्टी, सुंदरनगर और कांगड़ा में बारिश हुई। कई जगहों पर बिजली भी गिरी। पिछले 24 घंटों में सिरमौर के सराहन में सबसे ज्यादा 20 मिमी बारिश दर्ज की गई। आज राज्य के ऊपरी जिलों किन्नौर और मंडी में बर्फबारी और बारिश की संभावना है। 11 से 13 मई तक राज्य में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

यूपी में गुरुवार को बांदा, बिजनौर, शाहजहांपुर, कानपुर देहात और महोबा में तेज बारिश हुई। बिजनौर में सड़क पर उउळ्ल के लिए लगाया गया टावर गिर गया, जिससे बिजली गुल हो गई। बाराबंकी में हाईवे पर फिसलन की वजह से दो डबल डेकर बसें, एक डीसीएम और कई अन्य गाड़ियां टकरा गईं। बस सवार बस्ती निवासी एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। गुजरात का राजकोट देश में सबसे गर्म रहा, यहां का तापमान 42.9℃ दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश में पिछले 7 दिन से आंधी-बारिश का दौर है। आज भी ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी और टीकमगढ़ में बारिश और आंधी हुई। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत प्रदेश के 44 जिलों में गर्मी का असर भी रहेगा।

### 175 गज में बना, कीमत करीब ?50 लाख; सरप्राइज देख फूट-फूटकर रोई

# सगे भाईयों ने इकलौती बहन को घर गिफ्ट किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लुधियाना

लुधियाना में सगे भाइयों ने इकलौती बहन को 175 गज का घर गिफ्ट कर दिया। इसकी कीमत करीब 50 लाख रुपए है। भाईयों ने सरप्राइज तरीके से बहन को ये गिफ्ट दिया। वह ढोल बजाते हुए बहन को वहां ले गए।

जब उन्होंने नेम प्लेट से कागज हटाया तो अपना नाम लिखा देकर बहन रो पड़ी। बहन शादीशुदा है। भाईयों का कहना है कि पिता के निधन के बाद बहन हमेशा उनके साथ खड़ी रही। इसलिए अपने घर के नजदीक ही मकान बनाकर दिया।

बहन को घर गिफ्ट करने वाले दोनों भाई एक्टिंग करते हैं। एक भाई बिग बॉस के सीजन 10 में कॉमनर कंटेस्टेंट के तौर पर भी हिस्सा ले चुका है।

2011 में हुई बहन की शादी: अमर देवगन और देव देवगन ने बताया कि उनकी बहन मनप्रीत कौर की शादी 2011 में लुधियाना में ही हुई। मनप्रीत के पति होम लोन डिपार्टमेंट में मैनेजर हैं। वैसे तो, बहन के पास पहले से ही 2 प्रॉपर्टी हैं लेकिन वह चाहते थे कि मायके से भी कुछ नया मिले। इसी वजह से उन्होंने तय किया कि बहन को कोई बड़ा सरप्राइज गिफ्ट देंगे।



### पहले ब्रेजा गिफ्ट की, 5 साल से प्लानिंग कर रहे थे:

भाई देव ने बताया कि इससे पहले रक्षाबंधन पर उन्होंने बहन मनप्रीत को एक्टिवा गिफ्ट दी थी। फिर 19 मई 2025 को बहन की मैरिज एनिवर्सरी थी। जिसमें उन्होंने बहन को ब्रेजा कार गिफ्ट की थी। जिसके बाद उन्होंने बहन को 175 गज का घर गिफ्ट करने की प्लानिंग की। हालांकि इसकी प्लानिंग वह 5 साल से कर रहे थे। यह घर जिंदगी भर अब बहन के साथ रहेगा।

देव ने बताया कि परिवार में अब 2 भाई, एक बहन और मां है। साल 2007 में सिर से पिता का साया उठ गया था। पिता के निधन के बाद ही उन्हें चिंता थी कि बहन को कभी मायके में कोई कमी महसूस न हो। इसके लिए दोनों भाईयों ने तय किया कि वह पिता का फर्ज भी निभाएंगे।

**बहन के जन्मदिन पर होगा गृह प्रवेश:** भाई देव ने बताया कि नए घर में गृह प्रवेश का दिन भी बेहद खास चुना गया है। 13 जून को बहन मनप्रीत का जन्मदिन है। इसी दिन इस नए घर में पाठ करवाया जाएगा। जिसके बाद विधिवत रूप से गृह प्रवेश होगा। फिर बहन अभी वाले घर से इस घर में शिफ्ट हो जाएगी।

### ऐसे दिया सरप्राइज गिफ्ट की बहन रो पड़ी

दोनों भाइयों अमर देवगन और देव देवगन ने इस सरप्राइज को बेहद खास तरीके से प्लान किया। देव ने बताया कि 5 मई को मेरी मैरिज एनिवर्सरी थी। जिसको लेकर घर पर पाठ रखा गया था। पाठ पूरा होने के बाद देव अपनी पत्नी को गिफ्ट देने के बहाने बाहर लेकर गए। उनके साथ बहन मनप्रीत कौर बिर्दी और परिवार को साथ ले लिया। इस दौरान बहन मनप्रीत ने पूछा कि अपनी एनिवर्सरी पर मुझे क्या गिफ्ट दे रहे हो। बहन को लगा कि एक्टिवा या फिर ऐसी कोई दूसरी चीज देंगे। वह रास्ते भर पूछती रही लेकिन दोनों भाईयों ने इसे सस्पेंस बनाए रखा। इसके बाद वह रिश्तेदारों और ढोल के साथ पैदल ही कोट मंगल सिंह में अपने घर की पास वाली गली में गए। वहां जाकर दोनों भाई एक घर के बाहर खड़े हो गए। जब उन्होंने घर के बाहर लगी नेमप्लेट से कागज हटाया तो उसमें मनप्रीत कौर बिरदी लिखा हुआ था। उन्होंने बहन को बताया कि यह घर तेरे लिए गिफ्ट है। यह देखकर बहन फूट-फूटकर रोने लगी और भाईयों के गले लग गई। उसे समझ नहीं आ रहा था कि भाईयों ने इतना बड़ा घर उसे गिफ्ट कर दिया। भाइयों ने उसे मुश्किल से चुप कराया कि आज रोने का नहीं बल्कि खुशी का दिन है।

## बरगी क्रूज हादसे का मामला पहुंचा हाईकोर्ट, एमपी में क्रूज-बोट सेवाएं रोकने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी बांध में हुए बहुचर्चित क्रूज हादसे का मामला अब हाईकोर्ट पहुंच गया है। भोपाल निवासी कमल कुमार राठी ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर मुख्यपीठ में जनहित याचिका दायर कर हादसे को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही बताया है। याचिका में दोषी अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई, प्रदेशभर के वाटर स्पोर्ट्स और क्रूज संचालन का सेफ्टी ऑडिट कराने तथा जांच पूरी होने तक सभी क्रूज बोट सेवाएं बंद करने की मांग की गई है।

याचिका में कहा गया है कि 30 अप्रैल 2026 को बरगी बांध में संचालित नर्मदा क्रूज तेज आंधी और ऊंची लहरों के बीच पलट गई थी। इस हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई यात्री घायल हुए हैं। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि क्रूज में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। दावा किया गया है कि बोट में 43 से 47 लोग मौजूद थे, जबकि केवल 29 टिकट जारी किए गए थे। पटीशन में यह भी कहा गया है कि मौसम विभाग ने 29 अप्रैल को ही तेज हवाओं और खराब मौसम का अलर्ट जारी कर दिया था, इसके बावजूद क्रूज संचालन नहीं रोका गया। यात्रियों को यात्रा शुरू होने से पहले लाइफ जैकेट उपलब्ध नहीं कराई गईं। एक महिला यात्री के हवाले से याचिका में उल्लेख किया गया है कि नाव में पानी भरने के बाद आनन-फानन में लाइफ जैकेट बांटी गई थीं।

### चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा

# भ्रष्टाचार मामले में वेई फेंघे और ली शांगफू दोषी करार दिए गए, पूरी प्रॉपर्टी भी जब्त की गई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीजिंग

चीन ने भ्रष्टाचार के मामलों में दो पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और वेई फेंगहे को मौत की सजा सुनाई है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, दोनों को पहले 2 साल जेल में रखा जाएगा। अगर वह दो साल तक कोई नया अपराध नहीं करता तो सजा को आजीवन कारावास में बदला जा सकता है। ली शांगफू को पिछले साल अचानक पद से हटाया गया था, जबकि वेई फेंगहे भी सैन्य भ्रष्टाचार जांच के दायरे में आए थे। जिसके बाद दोनों को 2024 में चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित किया गया था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, यह कार्रवाई राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का हिस्सा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन की सेना और रक्षा से जुड़े के कई वरिष्ठ अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है।

चीन के पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू को पिछले साल अक्टूबर में अचानक पद से हटा दिया गया था। वे करीब दो महीने तक सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए थे, जिससे कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं। अब पहली बार चीनी अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़ी जांच चल रही थी।

रिपोर्ट के मुताबिक सैन्य अनुशासन जांच एजेंसी ने पाया कि ली ने गंभीर रूप से पार्टी अनुशासन और कानून का उल्लंघन किया। उन पर बड़े पैमाने पर रिश्वत लेने, दूसरों को रिश्वत देने और पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि ली की गतिविधियों से सेना के हथियार डेवलपमेंट और मिलिट्री इक्विपमेंट की इमेज को भारी नुकसान पहुंचा।





## पूर्व रक्षा मंत्री वेई फेंगहे पर भी कार्रवाई

चीन के पूर्व रक्षा मंत्री वेई फेंगहे पर रिश्वत लेने और अपने पद का गलत इस्तेमाल करने के आरोप लगाए गए हैं। चीन की सैन्य अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार का दोषी माना है। जांच में सामने आया कि वेई फेंगहे ने रक्षा मंत्रालय और सेना से जुड़े फैसलों में फायदा पहुंचाने के बदले कथित तौर पर रिश्वत ली थी।

वेई फेंगहे चीन के सीनियर सैन्य अधिकारियों में गिने जाते थे। वे चीन के पूर्व रक्षा मंत्री होने के साथ चीनी सेना में रॉकेट फोर्स के कमांडर भी रह चुके हैं। रॉकेट फोर्स चीन की मिसाइल और परमाणु हथियार सिस्टम को संभालती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन में चल रही भ्रष्टाचार जांच का सबसे बड़ा सेंटर ढछअ रॉकेट फोर्स और सेना के हथियार खरीद विभाग को माना जा रहा है। ढछअ रॉकेट फोर्स चीन की सेना की वह खास यूनिट है, जो देश की परमाणु मिसाइलों और लॉन्ग रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलों को संभालती है।

इसे चीन की सैन्य ताकत का बेहद अहम हिस्सा माना जाता है, क्योंकि यही यूनिट जरूरत पड़ने पर परमाणु हमला करने की क्षमता रखती है। जांच एजेंसियों को शक है कि सेना के लिए हथियार खरीदने, रक्षा सौदों और सैन्य उपकरणों की सप्लाई में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ। आरोप हैं कि कई अधिकारियों ने ठेके देने और बड़े सैन्य सौदों में रिश्वत ली। ली शांगफू और वेई फेंगहे के मामले में सेंट्रल मिलिट्री कमीशन की जांच एजेंसियों ने भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोपों की जांच की थी। चीन की सर्वोच्च सैन्य संस्था है, जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और चीन सरकार की ओर से सेना पर नियंत्रण रखती है।

## जेपी मॉर्गन पर पूर्व बैंकर का गंभीर आरोपः यौन उत्पीड़न केस दबाने को 10 लाख डॉलर ऑफर किए, समझौता नहीं हुआ

अमेरिकी बैंक जेपी मॉर्गन चेस पर उसके पूर्व कर्मचारी चिरायु राणा ने यौन उत्पीड़न, नस्लीय भेदभाव और कार्यस्थल पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। न्यूयॉर्क स्टेट सुप्रीम कोर्ट में दायर मुकदमे में दावा किया गया है कि बैंक ने केस कोर्ट पहुंचने से पहले 10 लाख डॉलर का सेटलमेंट ऑफर दिया था, लेकिन बातचीत सफल नहीं हो सकी।

मुकदमे में जेपी मॉर्गन की वरिष्ठ अधिकारी लोर्ना हजदिनी पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने अपने वरिष्ठ पद का इस्तेमाल कर राणा पर यौन संबंध बनाने का दबाव बनाया। शिकायतकर्ता का कहना है कि विरोध करने पर करियर और प्रमोशन प्रभावित करने की धमकी दी गई।

कोर्ट दस्तावेजों में यौन उत्पीड़न, नस्लीय टिप्पणी, धमकी और ड्रग देने जैसे आरोप भी शामिल हैं। राणा ने दावा किया कि मई 2025 में आंतरिक शिकायत दर्ज कराने के बाद उन्हें प्रशासनिक अवकाश पर भेजा गया और धमकी भरे कॉल आने लगे। हालांकि जेपी मॉर्गन ने सभी आरोपों को निराधार बताया है।

## बंगाल में भाजपा सरकार,बांग्लादेश को लोगों की वापसी का डर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

पश्चिम बंगाल चुनाव में इखढ की जीत के बाद बांग्लादेश सरकार को आशंका है कि लोगों को जबरन भारत से निकाला जा सकता है। अब इसे लेकर बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा उम्मीद है कि भारत से लोगों को जबरन सीमा पार भेजने यानी 'पुशबैक' की घटनाएं नहीं बढ़ेंगी।

सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि वे नहीं चाहते कि किसी को अवैध प्रवासी बताकर भारत से बांग्लादेश की तरफ धकेला जाए। इसी के मद्देनजर बांग्लादेश की बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

इससे पहले बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने भी कहा था कि अगर ऐसे मामले होते हैं, तो बांग्लादेश कार्रवाई करेगा। पुशबैक का मतलब किसी व्यक्ति को जबरन सीमा पार भेज देना। पिछले कुछ सालों में भारत और बांग्लादेश की सीमा पर ऐसे मामले सामने आते रहे हैं। दरअसल बंगाल चुनाव के दौरान इखढ ने ममता बनर्जी की सरकार पर आरोप लगाया था उसने बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों को शरण दी है।

### बांग्लादेश की सत्ताधारी पार्टी के नेता ने भाजपा को बधाई दी

उधर बांग्लादेश की सत्ताधारी पार्टी इठढ के सूचना सचिव अजीजुल बारी हेलाल ने इखढ को जीत की बधाई दी और कहा कि इससे भारत-बांग्लादेश संबंध मजबूत हो सकते हैं।

उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर तीस्ता जल बंटवारे समझौते में देरी करने का आरोप लगाया और कहा कि वह इसमें सबसे बड़ी रुकावट थी। उन्होंने दावा किया कि यह समझौता बांग्लादेश सरकार और मोदी सरकार दोनों ही चाहते थे। हेलाल ने उम्मीद जताई कि सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बनी सरकार भारत और बांग्लादेश के रिश्तों को बेहतर बनाएगी और तीस्ता समझौते को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि भारत के राज्यों में बांग्लादेश के साथ सबसे लंबी सीमा पश्चिम बंगाल की ही लगती है। इसलिए वहां की राजनीति का असर सीधे दोनों के संबंधों पर पड़ता है। वहां सत्ता बदलना दोनों देशों के लिए अच्छा है। इससे दोनों देशों के बीच सीमा मुद्दों पर भी सुधार हो सकता है।

### तीस्ता नदी का 50% पानी चाहता है बांग्लादेश

तीस्ता नदी हिमालय के पाहुनरी ग्लेशियर से निकलती है। यह सिक्किम से पश्चिम बंगाल होते हुए बांग्लादेश जाती है और बाद में ब्रह्मपुत्र में मिल जाती है। यह नदी कुल 414 किलोमीटर का रास्ता तय करती है। इस नदी से बांग्लादेश के 2 करोड़ और भारत के 1 करोड़ लोगों का जीवनयापन जुड़ा है।

## ट्रम्प- अमेरिकी जहाजों पर हमला हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज से गुजर रहे अमेरिकी डेस्ट्रॉयर जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन हमले हुए, लेकिन अमेरिकी सेना ने उन्हें मार गिराया और ईरानी छोटी नावों को तबाह कर दिया। होर्मुज में करीब 1500 जहाज फंसेः संयुक्त राष्ट्र की समुद्री एजेंसी क्टड के मुताबिक, होर्मुज संकट के कारण खाड़ी क्षेत्र में करीब 1500 जहाज फंसे हुए हैं। तेल, गैस और सप्लाई चेन पर असर बढ़ रहा है, जबकि सोमालिया जैसे देशों में खाद्य संकट और गहरा गया है। इजराइल ने दावा किया कि उसने हिजबुल्लाह की रदवान यूनिट के कमांडर अहमद बलूत समेत कई बड़े कमांडरों को बेरूत हमले में मार गिराया। जवाब में हिजबुल्लाह ने दक्षिणी लेबनान में इजराइली टैंक और सैन्य ठिकानों पर हमलों का दावा किया। अमेरिका ने ईरान से जुड़े नेटवर्क पर नए प्रतिबंध लगाए। इनमें इराक के डिप्टी ऑयल मिनिस्टर अली मारीज अल-बहादली और कई कंपनियां शामिल हैं।



# ईरान का आरोप- अमेरिका ने सीजफायर तोड़ा, ओमान की खाड़ी में ईरानी तेल टैंकरों को निशाना बनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान


ईरान ने अमेरिका पर सीजफायर तोड़ने का आरोप लगाया है। ईरान ने कहा कि अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में ईरानी तेल टैंकरों को निशाना बनाया। इसके बाद ईरान ने बिना किसी हिचकिचाहट के करारा जवाब देने की चेतावनी दी है। ईरानी सरकारी मीडिया प्रेस के मुताबिक, खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने कहा कि आक्रामक, आतंकवादी और समुद्री डाकू अमेरिकी सेना ने जास्क के पास ईरानी समुद्री इलाके से मुंज स्टेट की ओर जा रहे एक तेल टैंकर को निशाना बनाया। साथ ही फुजैरा बंदरगाह के पास जलडमरूमध्य में दाखिल रहे दूसरे जहाज पर भी हमला किया गया। प्रवक्ता का दावा है कि कुछ क्षेत्रीय देशों के सहयोग से बंदर खामिर, सिरिक और केश्म द्वीप के तटीय नागरिक इलाकों पर भी हवाई हमले किए गए। हालांकि, इन हमलों में हुए नुकसान या हताहतों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ईरान और अमेरिका के बीच एक अस्थायी समझौते पर बातचीत चल रही है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों देश 30 दिन तक संघर्ष रोकने और होर्मुज जलडमरूमध्य को व्यावसायिक जहाजों के लिए फिर से खोलने के प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे हैं। रिपोर्ट में तीन सीनियर ईरानी अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि यह एक पेज का प्रारंभिक फ्रेमवर्क है। इसके तहत दोनों पक्ष 30 दिन तक सैन्य कार्रवाई रोकेंगे और इसी दौरान स्थायी समझौते पर बातचीत जारी रखेंगे। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, बातचीत अभी जारी है और दोनों पक्ष लंबे समय के समझौते की भाषा और ढांचे पर प्रस्तावों का आदान-प्रदान कर रहे हैं।





## अमेरिकी पक्ष चाहता है कि ईरान पहले ही इस पर स्पष्ट प्रतिबद्धता दे

रिपोर्ट के अनुसार, बातचीत में सबसे बड़ा विवाद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उच्च स्तर पर समृद्ध यूरेनियम के भंडार को लेकर है। अमेरिकी पक्ष चाहता है कि ईरान पहले ही इस पर स्पष्ट प्रतिबद्धता दे। ईरानी अधिकारियों ने दावा किया कि अमेरिकी वातार्कार चाहते हैं कि ईरान अपना समृद्ध यूरेनियम अमेरिका को सौंप दे, तीन परमाणु सुविधाएं बंद करे और 20 साल तक यूरेनियम डेवलपमेंट रोक दे। वहीं, ईरान ने प्रस्ताव दिया है कि वह अपने यूरेनियम भंडार का कुछ हिस्सा कमजोर करेगा और बाकी किसी तीसरे देश, संभवतः रूस को सौंप देगा। ईरान ने 10 से 15 साल तक यूरेनियम संवर्धन रोकने की बात कही है। हालांकि, तीन परमाणु सुविधाओं के भविष्य पर अभी सहमति नहीं बनी है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |


## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का-3
5. पाताल-4
8. व्यंग्य, चुटीली बात-2
10. दुख, कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य, तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम, राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
21. होठ, अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश, विनाश, विध्वंस-3
26. निश्चित-4

**ऊपर से नीचे**
1. नदी-3
2. संपत्ति, धन-2
3. वंश, खानदान-2
4. उत्तमता, परिष्कृतता-4
6. समुद्र, दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट-4
16. जांघ-2
17. पैंगबर, महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर, फन-2
22. देह, काया-3
23. गलत का विलोम-2
24. निश्चित-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 5 | | 75 | | 65 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 25 | | 5 | | 4 | = | 34 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 2 | | 55 | | 14 | = | 64 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 5 | | 3 | | 25 | = | 12 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 35 | | 12 | | 45 | | 30 | = | 108 / 60 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | मि | ज | थ | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | ख | वै | द | इ | ह | मे |
| सिं | व | ना | पू | ग | खा | थ | दि | ग | क | सो |
| धु | बी | न | ते | र्व | ज | का | म | क | त | पो |
| घा | त | र | दा | री | लं | ग | गो | ग | व | व |
| टी | अ | म | सु | य | अ | पू | न | रो | र | मि |
| ती | जं | सी | मे | हि | प | नु | श | म | ज | या |
| क | ल | ग | रि | वि | व | नी | प | ल | न | ण |
| बे | व | म | य | या | चि | त्या | री | म | प | क |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| वे | बी | लो | नि | या | ल | ज | र | व | त | थ |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 7 | | | 5 | |
| 2 | 28 | | 40 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | 4 | | 3 |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| 4 | 2 | | | | 1 | 7 |
| | 31 | 2 | 24 | 1 | 30 | |
| 7 | | 1 | 4 | | | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...





## रंग भरकर चित्र बनाओ



# कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है अल्बर्टा

## अक्टूबर में वोटिंग संभव, अलगाववादियों ने 3 लाख हस्ताक्षर जुटाए







**कनाडा के पश्चिमी प्रांत अल्बर्टा को अलग देश बनने की मांग और ज्यादा तेज हो गई है। अलगाववादियों ने बुधवार को दावा किया है कि उन्होंने इतना समर्थन जुटा लिया है कि अब स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह (रेफरेंडम) कराया जा सकता है। अलगाववादी नेताओं के मुताबिक, उन्होंने करीब 3 लाख हस्ताक्षर चुनाव अधिकारियों को सौंपे हैं, जबकि इसके लिए 1.78 लाख दस्तखत की जरूरत थी। आंदोलन के नेता मिच सिलवेस्ट्रे ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि अब यह लड़ाई अगले चरण में पहुंच गई है। हालांकि इतना समर्थन जुटा लेने का मतलब यह नहीं है कि रेफरेंडम पक्का हो गया है। चुनाव आयोग को पहले इन हस्ताक्षरों की जांच करनी होगी। इस प्रक्रिया पर फिलहाल अदालत के आदेश की वजह से रोक भी लगी हुई है। अगर वोटिंग अल्बर्टा के पक्ष में गई तो यह प्रांत कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है।**

अल जजीरा के मुताबिक, अगर सभी कानूनी अड़चनें दूर हो जाती हैं, तो प्रांत में 19 अक्टूबर को प्रस्तावित बड़े जनमत संग्रह के साथ अलगाव पर भी वोटिंग कराई जा सकती है। उसी दिन संविधान और इमिग्रेशन जैसे दूसरे मुद्दों पर भी मतदान की योजना है।


### ट्रम्प सरकार पर अलगाववादियों को बढ़ावा देने का आरोप

इसी बीच ट्रम्प सरकार पर अलग देश की मांग कर रहे लोगों को बढ़ावा देने का आरोप है। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अमेरिका के अधिकारी अल्बर्टा के अलगाववादी नेताओं से मिलते हैं और उनकी मदद करते हैं। इन खबरों से कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी नाराज हो गए थे। उन्होंने इसी साल फरवरी में राष्ट्रपति ट्रम्प को फोन कर कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने को कहा था। कार्नी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिकी सरकार कनाडा के आंतरिक मामलों में दखल नहीं देगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प की सत्ता में वापसी को अलगाववादी अल्बर्टा को अलग करने के लिए सही समय मान रहे हैं।

### कनाडा से अलग क्यों होना चाहता है अल्बर्टा

कनाडा के अल्बर्टा में अलग देश बनने की मांग अचानक नहीं उठी है। इसके पीछे कई सालों से चल रही नाराजगी और अलग पहचान की भावना काम कर रही है।

सबसे बड़ा कारण आर्थिक है। अल्बर्टा तेल और गैस से भरपूर राज्य है। यहां कनाडा के कुल तेल उत्पादन का लगभग 84% हिस्सा निकलता है। यहां के लोगों को लगता है कि वे ज्यादा कमाते हैं, लेकिन फायदा बाकी कनाडा को ज्यादा मिलता है। उन्हें शिकायत है कि टैक्स का पैसा ओटावा जाकर खर्च होता है, जबकि फैसले लेते समय उनकी आवाज कम सुनी जाती है। दूसरा बड़ा मुद्दा केंद्र सरकार से टकराव है। ओटावा में बैठी सरकार के फैसलों को लेकर अल्बर्टा में नाराजगी रहती है। खासकर पर्यावरण और जलवायु से जुड़े नियमों को लेकर। यहां के लोग मानते हैं कि ये नियम उनके तेल और गैस उद्योग को नुकसान पहुंचाते हैं और बिना समझे बनाए जाते हैं। तीसरा कारण पहचान और राजनीति है। अल्बर्टा को कनाडा के बाकी हिस्सों से अलग माना जाता है। यहां की राजनीति ज्यादा कंजर्वेटिव (रूढ़िवादी) है, जबकि केंद्र में लंबे समय से लिबरल विचारधारा हावी रही है। इसके अलावा यहां यह भी भावना है कि केंद्र सरकार उनके संसाधनों पर ज्यादा नियंत्रण रखती है। पाइपलाइन, ऊर्जा परियोजनाएं और निर्यात जैसे मुद्दों पर कई बार फैसले अटकते हैं, जिससे स्थानीय लोगों में गुस्सा बढ़ता है।




## सर्वे में 30% लोग ही अलग देश के पक्ष में




**अगर यह प्रस्ताव वोटिंग तक पहुंचता है, तो लोगों से सीधा सवाल पूछा जाएगा कि क्या अल्बर्टा कनाडा से अलग होकर एक स्वतंत्र देश बनना चाहिए।**

लेकिन सर्वे बताते हैं कि अभी सिर्फ करीब 30 प्रतिशत लोग ही इसके समर्थन में हैं, यानी जनमत संग्रह पास होना भी आसान नहीं है। हालांकि अलगाववादियों का मानना है कि यह आंकड़ा वोटिंग के दौरान बढ़ने वाला है।

अल्बर्टा की प्रीमियर डेनिएल स्मिथ ने कहा है कि अगर जरूरी हस्ताक्षर पूरे होते हैं तो वह वोटिंग आगे बढ़ाएंगी, लेकिन वह खुद कनाडा से अलग होने के पक्ष में नहीं हैं। इस अलगाववादी आंदोलन की जड़ें काफी पुरानी हैं। अल्बर्टा, जहां करीब 50 लाख लोग रहते हैं, लंबे समय से खुद को कनाडा के बाकी हिस्सों से अलग मानता है। यहां के लोग मानते हैं कि उनकी संस्कृति, अर्थव्यवस्था और राजनीति अलग है, लेकिन फैसले ओटावा में बैठकर लिए जाते हैं।

■ वर्ष-12 अंक-184 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

दुर्जन :परिहर्तव्यो विद्यालंकृतो सन।
मणिना भूषितो सर्प:किमसौ न भयंकर:।।

**भावार्थ** : दुष्ट व्यक्ति भले ही ज्ञान से सुशोभित हो अर्थात विद्वान भी हो, उसे त्याग देना चाहिए। रत्नों से सुशोभित सर्प की तरह क्या भयानक नहीं है?

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 08 मई, 2026

पुस्तकस्था तु या विद्या परहस्तगतं धनं।
कार्यकाले समुत्पन्ने न सा विद्या न तद्धनम्।।

**भावार्थ** : दूसरों को दी किताबें और पैसा! जब सही समय आता है तो ऐसी कोई शिक्षा नहीं होती है और न ही धन होता है, यानी वे काम नहीं करते हैं।

## चलन्त्याः रेलयाने भिक्षाटनविषये विवादः यात्रिकाः हिजड़ां बहिः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कटिहार

चलयात्रिकाणां कृते धनं याचना हिजड़ानां कृते महती त्रुटिः सिद्धा यदा यात्रिकद्वयेन तां रेलयानात् बहिः धक्कायितवती यदा रेलयानं प्रचलति स्म अस्य घटनायाः अनन्तरं रेलपुलिसः आहतस्य व्यक्तिस्य सदर-अस्पताले प्रवेशं कृतवान्। घातितः व्यक्तिः पूर्णियानगरस्य निवासी काजल किन्नरः इति ज्ञातः अस्ति। काजल इत्यनेन उक्तं यत् सा कटिहारं कस्मिंश्चित् कार्यक्रमे भागं ग्रहीतुं आगता, कटिहार-जोगबनी-यात्री-रेलयाने पूर्णिया-नगरं प्रत्यागच्छति इति। यात्रायाः कालखण्डे अनिर्दिष्टविषये रेलयाने उपस्थितौ युवकद्वयेन सह विवादः उत्पन्नः। काजलस्य मते यथा यथा विवादः वर्धते स्म तथा तथा तौ युवकौ तां चलयानात् अवतारितवन्तौ, येन सा भूमौ पतित्वा गम्भीराः चोटाः अभवन् सा टिप्पणीं कृतवती यत् यदि रेलयानं अधिकवेगेन गच्छति स्म तर्हि एषा घटना घातकः भवितुम् अर्हति स्म।

## सम्पादकीयम्

### अमेरिकी-ईरान-सेतु-आक्रमणम्

इरान्-अमेरिका-सङ्घर्षः गम्भीर-सन्धिं प्राप्तवान्; ऊर्जा आधारभूतसंरचनायाः उपरि आक्रमणानि सम्पूर्णविश्वस्य कृते दुर्वार्ताः भवन्ति अमेरिका, इजरायल्, इरान् च सम्बद्धः संघर्षः अधुना सैन्यकेन्द्रेभ्यः परं ऊजार्याः, महत्त्वपूर्णमूलसंरचनायाः च आक्रमणानि व्याप्तवान् सेतुः, शोधनालयाः, गैससुविधाः च लक्ष्यीकरणेन वैश्विकतैलस्य आपूर्तिः बाधिता अस्ति। होर्मुज् जलसन्धिस्थे संकटेन तैलस्य मूल्येषु वर्धमानस्य, वैश्विकमहङ्गानि, आर्थिकमन्दी च जोखिमः वर्धितः-यद्यपि शान्तिार्थं कूटनीतिकप्रयत्नाः निरन्तरं प्रचलन्ति। अमेरिकी-इजरायल-गठबन्धनस्य इरान्-देशस्य च युद्धेन तस्य ध्यानं पूर्णतया स्थानान्तरितम् अस्ति; केवलं सैन्यकेन्द्राणि लक्ष्यं कृत्वा दूरं गत्वा अधुना महत्त्वपूर्णानां नागरिकमूलसंरचनानां व्यवस्थितविनाशं प्रति गतं अस्ति। विगत २४ घण्टेषु उभयपक्षेण सेतुषु, शोधनालयेषु, ऊजार्सुविधासु च आक्रमणं कृतम् अस्ति। एषः विकासः सम्पूर्णस्य विश्वस्य कृते अतीव दुर्वार्ता भवति। विनाशस्य धमकी : अमेरिकीराष्ट्रपतिः डोनाल्ड ट्रम्पः अद्यैव दावान् अकरोत् यत् सः इराणस्य नूतनशासनेन सह रचनात्मकसंवादं कुर्वन् अस्ति। परन्तु तदनन्तरं राष्ट्राय सम्बोधने सः इरान्-देशं पुनः पाषाणयुगं प्रति प्रेषयिष्यामि इति धमकीम् अयच्छत्। अधुना शान्ति-उपक्रमात् दूरं गत्वा प्रवचनं सम्पूर्णतया विनाशं प्रति गतं अस्ति।

### सम्राट चौधरी मन्त्रिमण्डल विस्तार : ३२ नए मन्त्री शपथ ग्रहण

## नूतनमन्त्रिमण्डलस्य अन्तः जाति-क्षेत्रीय-राजनैतिक-रेखासु सन्तुलनं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना

मुख्यमन्त्री सम्राट् चौधरी इत्यस्य नेतृत्वे सर्वकारस्य बहुप्रतीक्षितस्य मन्त्रिमण्डलविस्तारस्य सफलतापूर्वकं सम्पन्नत्वेन गुरुवासरे बिहारराजनीत्यां एकः प्रमुखः विकासः अभवत्। राज्यस्य राजधानी पटनानगरस्य ऐतिहासिकगान्धी मैदाने आयोजिते भव्यशपथग्रहणसमारोहे ३२ नवमन्त्रिणः पदस्य गोपनीयतायाः च शपथं गृहीतवन्तः। अस्मिन् अवसरे प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमन्त्री अमितशाह, रक्षामन्त्री राजनाथसिंह, बिहारस्य पूर्वमुख्यमन्त्री नीतीशकुमारः अपि उपस्थिताः आसन्। एतेन मन्त्रिमण्डलविस्तारेण अधुना बिहारसर्वकारे मुख्यमन्त्रीसहिताः कुलम् ३५ सदस्याः सन्ति। नूतनमन्त्रिमण्डलस्य अन्तः जाति-क्षेत्रीय-राजनैतिक-रेखासु सन्तुलनं स्थापयितुं सर्वप्रयत्नाः कृताः।

मन्त्रिमण्डलविस्तारे भारतीयजनतापक्षस्य (भाजपा) जनतादलस्य (संयुक्तस्य) [जदयू)] इत्येतयोः मध्ये सन्तुलितं प्रतिनिधित्वं दृश्यते स्म। भाजपाकोटातः पञ्चदश, जदयूकोटातः १३ नेतारः मन्त्रिणः नियुक्ताः सन्ति। तदतिरिक्तं लोकजनशक्तिपक्षस्य (रामविलास), हिन्दुस्तानी आवाममोर्चा, राष्ट्रीयलोकमोर्चा इत्यादीनां नेतारणाम् अपि सर्वकारे प्रतिनिधित्वं प्रदत्तम् अस्ति। मन्त्रिमण्डलात अनेकाः परिचिताः मुखाः पातिताः, असंख्याकाः नूतनाः नेतारः प्रथमवारं मन्त्रीत्वस्य अवसरं प्राप्तवन्तः।

नीतीशकुमारस्य पुत्रस्य निशांतकुमारस्य प्रवेशेन सर्वाधिकं गूढं जातम्। एतावता राजनीतितः दूरं धारयन् निशान्तः अधुना प्रथमवारं सक्रियराजनीत्यां पदाभिमुखीभवति-प्रत्यक्षतया मन्त्रिमण्डलं स्वीकृत्य। तस्मै एकं महत्त्वपूर्णं दायित्वं न्यस्तम् अस्ति यत् स्वास्थ्यविभागः। यद्यपि निशान्तः पूर्वं राजनीतिप्रवेशं कर्तुं न अस्वीकृतवान् तथापि अधुना सर्वकारस्य अन्तः तस्य महत्त्वपूर्णा भूमिका नियुक्ता अस्ति। राजनैतिकवृत्तेषु एतस्य कदमस्य व्याख्या जदयू-पक्षस्य भविष्यस्य रणनीत्याः अभिन्नभागः इति क्रियते। मन्त्रिमण्डलस्य अन्तः श्वेतगुप्ता-शिओहरनगरस्य जदयू-विधायिका, व्यवसायेन वैद्यः च-इत्यपि प्रथमवारं मन्त्रीरूपेण नियुक्ता अस्ति। तस्याः कृते समाजकल्याणविभागस्य दायित्वं नियुक्तम् अस्ति। इतरथा भाजपायाः मिथिलेशतिवारी इत्यस्मै शिक्षाविभागं न्यस्तं, नन्दकिशोररामं च दुग्धमत्स्यविभागं नियुक्तम्। मिथिलेश तिवारी चिरकालात् दलसङ्गठनस्य सक्रियसदस्यः अस्ति, अधुना प्रथमवारं एतादृशं महत्त्वपूर्णं दायित्वं दत्तम् अस्ति। एकं उल्लेखनीयं विषयं अस्ति यत् शिक्षाविभागः प्रथमवारं भाजपा-विभागे आवंटितः अस्ति। राजनैतिकदृष्ट्या अयं मन्त्रिमण्डलविस्तारः अत्यन्तं महत्त्वपूर्णः इति मन्यते, यतः एतत् बिहारस्य प्रायः सर्वेषां प्रमुखजातीयसमूहानां प्रतिनिधित्वं प्रदातुं समन्वितप्रयत्नस्य।

### एतादृशस्य कस्यापि

## उल्लङ्घनस्य सन्दर्भे डीजे-उपकरणस्य आपूर्तिं कर्तुं उत्तरदायी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

आक्षेपार्हनारा, गीतं, तत्सदृशसामग्री वा लाउडस्पीकरद्वारा अथवा ध्वनिप्रवर्धनप्रणालीद्वारा प्रसारणं सख्यं निषिद्धम् अस्ति। एतादृशस्य कस्यापि उल्लङ्घनस्य सन्दर्भे डीजे-उपकरणस्य आपूर्तिं कर्तुं उत्तरदायी तंबूगृहं वा सेवाप्रदातृणां विरुद्धं कानूनी कार्रवाई अपि आरब्धा भविष्यति।

निम्नलिखितानां विषये सूचनाः पुलिस-स्थानकं प्रति अवश्यं सूचयितव्याः: जिलादण्डाधिकारिणा निर्गतनिषेधात्मकादेशानां अन्तर्गतं घरेलु वा वाणिज्यिकसहायकान् नियोजयितुं पूर्वं सम्बन्धितपुलिसस्थानकं सूचितं करणीयम्-निर्धारितस्वरूपस्य उपयोगेन। होटेल्, लॉज, धर्मशाला (अतिथिगृहाणि) इत्यादीनां संचालकानाम् निर्देशः दत्तः यत् ते चेक-इनं कुर्वतां सर्वेभ्यः अतिथिभ्यः पहिचानस्य सख्यं आवश्यकतां जनयन्तु, तथा च निर्धारितस्वरूपस्य उपयोगेन एतादृशानां अतिथिनां दैनिकसूचीं सम्बन्धितपुलिसस्थाने प्रस्तूयताम्। अपि च, आदेशानुसारं गृहस्वामीभ्यः निर्धारितस्वरूपस्य उपयोगेन सम्बन्धितपुलिसस्थानकं प्रति कस्यचित् देयतातिथिनां विवरणं सूचयितुं बाध्यते; एतस्य आवश्यकतायाः पूर्तेः अनन्तरमेव देयता अतिथिः निवासं कर्तुं शक्नोति। तथैव यदि किरायेदारं सम्पत्तिं गृह्यते तर्हि गृहस्वामी अस्य विषये लिखितसूचना सम्बन्धितपुलिसस्थानकं प्रति दातुं अनिवार्यं भवति। सोशल मीडिया इत्यत्र आपत्तिजनकटिप्पणीनां विरुद्धं कार्यवाहीः आदेशेन व्हाट्सएप्प, एक्स (पूर्वं ट्विटर), फेसबुक च सहितं कस्मिन् अपि सामाजिकमाध्यममञ्चे कस्यापि आपत्तिजनकस्य, भड़काऊ, अथवा साम्प्रदायिकसामग्रीणां (फोटो, विडियो, चित्राणि, सन्देशाः वा समाविष्टाः) पोस्ट् कर्तुं, अग्रे प्रेषयितुं, पसन्दं कर्तुं, टिप्पणीं कर्तुं वा प्रतिबन्धः अपि स्थापितः अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : सुबह से ही भागदौड़ बनी रहेगी। ऑफिस में किसी बात को लेकर तनाव हो सकता है, लेकिन शाम तक मामला शांत हो जाएगा।

**वृषभ** : आज कोई नया प्लान दिमाग में आ सकता है। यात्रा या काम को लेकर सोच-विचार करेंगे।

**मिथुन** : आज दिमाग में कई बातें एक साथ चल सकती हैं। पैसों या जिम्मेदारियों को लेकर चिंता रह सकती है।

**कर्क** : रिश्तों में समझदारी से काम लेना होगा। किसी की बात आपको बुरी लग सकती है, लेकिन तुरंत प्रतिक्रिया देना सही नहीं रहेगा।

**सिंह** : आज मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है। ऑफिस में काम का दबाव रहेगा, लेकिन धीरे-धीरे सब संभल जाएगा।

**कन्या** : आज भविष्य को लेकर ज्यादा सोच सकते हैं। नया काम शुरू करने का मन बनेगा।

**तुला** : आज मन थोड़ा भावुक रह सकता है। घर के लोगों के साथ अच्छा समय बीतेगा। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृश्चिक** : आज कुछ काम मन के हिसाब से होंगे और कुछ में इंतजार करना पड़ सकता है। नौकरी में बदलाव की चर्चा हो सकती है।

**धनु** : आज घर और परिवार से जुड़ी बातें ज्यादा दिमाग में रहेंगी। किसी अपने की चिंता परेशान कर सकती है।

**मकर** : आज आपका कॉन्फिडेंस अच्छा रहेगा। कोई रुका काम आगे बढ़ सकता है। नौकरी में अच्छी खबर मिलने के संकेत हैं।

**कुंभ** : आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। काम धीरे-धीरे पूरे होंगे। नौकरी में सीनियर आपके काम की तारीफ कर सकते हैं।


**मीन** : आज पुरानी बातें बार-बार याद आ सकती हैं। मन थोड़ा भावुक रहेगा। ऑफिस में आपकी मेहनत की तारीफ हो सकती है।

### ज्योतिष/वास्तु

# 10 मई को बनेगा ग्रहण योग, कन्या सहित इन राशि वालों के जीवन में आएगा उतार-चढ़ाव

10 मई को ग्रहण योग का साया बना रहेगा। यह समय सभी राशियों के लिए अलग-अलग प्रभाव लेकर आएगा, लेकिन इन 3 राशि वालों की परेशानियां बढ़ने की आशंका बनी रहेगी।

10 मई को चंद्रमा दोपहर 12:12 मिनट पर शनि की राशि कुंभ में प्रवेश करेंगे। खास बात यह है कि, उसी समय इस राशि में राहु की उपस्थिति भी रहेगी। चंद्रमा और राहु की यह युति ज्योतिष में ग्रहण योग की मानी जाती है, जिसे आमतौर पर चुनौतीपूर्ण और मानसिक अस्थिरता बढ़ाने वाला माना जाता है। ज्योतिषियों के अनुसार, चंद्रमा मन और भावनाओं का कारक होता है,



जबकि राहु भ्रम व अचानक होने वाली घटनाओं को दशार्ते हैं। ऐसे में जब ये दोनों एक साथ आते हैं, तो कुछ राशि के व्यक्ति की निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा काम में रुकावट और रिश्तों में दूरी जैसी स्थितियां भी बन सकती हैं। इसलिए इस दौरान धैर्य और समझदारी के साथ आगे बढ़ना बेहद जरूरी होगा। आइए इन राशियों के नाम जानते हैं।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए यह समय स्वास्थ्य के लिहाज से थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। नौकरी या करियर से जुड़े प्रयासों में मन कम लग सकता है, जिससे काम की गति प्रभावित होगी। बेहतर होगा कि आप अपनी दिनचर्या को संतुलित रखें। भूमि-भवन से जुड़े विवाद को सुलझाने के लिए आपको कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। इसके अलावा खुद को ज्यादा तनाव में न डालें।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों को इस दौरान विशेष सतर्क रहने की जरूरत है। कोई भी निर्णय जल्दबाजी में न लें, खासकर आर्थिक मामलों में। छोटी सी लापरवाही भी नुकसान का कारण बन सकती है। इस समय अपने स्वास्थ्य और दिनचर्या पर ध्यान दें, क्योंकि अनदेखी करने पर परेशानी बढ़ सकती है। करियर-कारोबार से जुड़े फैसले बहुत सावधानी के साथ लेने की आवश्यकता रहेगी। इस दौरान किसी भी समस्या को संवाद के जरिये सुलझाने का प्रयास करें।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि के लिए यह ग्रहण योग सबसे ज्यादा प्रभावशाली रहेगा, क्योंकि यह आपकी ही राशि में बन रहा है। इस दौरान अचानक समस्याएं सामने आ सकती हैं। प्रेम संबंध में अपने अहम को हावी न होने दें अन्यथा बनी बात भी बिगड़ सकती है। नए लोगों पर भरोसा करने से पहले सोच-समझ लें, क्योंकि धोखा मिलने की संभावना भी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में दबाव बढ़ सकता है। कार्यक्षेत्र में अपनी योजनाओं का खुलासा न करें।

## खबर एक नजर...

### साड़ी का फंदा बनाकर युवक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के राजेन्द्रनगर में रहने वाले भूरा पिता मदनलाल राठौर 30 साल ने गुरूवार शाम घर में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजन कमरे में पहुंचे तो भूरा को लटका देखा। उसे नीचे उतारकर चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। प्रधान आरक्षक विरेन्द्र शर्मा ने बताया कि अस्पताल से सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया है। परिजन कुछ बात पाने की स्थिति में नहीं थे। जिसके चलते फांसी लगाने की वजह सामने नहीं आ पाई है। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें। फिलहाल घटनास्थल का कमरा सील किया गया है। संभावना जताई जा रही कि आर्थिक परेशानी या पारिवारिक विवाद के चलते भूरा ने आत्मघाती कदम उठाया है। जिसका खुलासा जांच के बाद हो पायेगा।

### सड़क दुर्घटना में घायल 2 बुजुर्गो की थमी सांसे

**उज्जैन।** माकडोन के सामटियाखेड़ी से सड़क दुर्घटना में घायल मोहनदास पिता बिहारीदास बैरागी 58 साल को परिजन उपचार के लिये उज्जैन स्थित फ्रीगंज के निजी अस्पताल लेकर आये थे। गुरूवार दोपहर मोहनदास की मौत हो गई, मामले में माधवनगर पुलिस ने मर्ग कायम किया। एक अन्य मामले में घायल मोहम्मद पिता शुभान शाह 60 साल निवासी धानसुत्ता रतलाम को भी उज्जैन स्थित नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां गुरूवार को मौत होने पर नानाखेड़ा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। दोनों मामलों की मर्ग डायरी संबंधित थाना पुलिस को जांच के लिये भेजी जायेगी।

### हत्या के 2 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

**उज्जैन।** 19 मई 2022 को तेजूबाई नामक महिला ने नरवर थाना पुलिस को अपने पति हरिराम की गुमशुदगी दर्ज कराई थी और बताया था कि पति को बल्लू उर्फ बालकृष्ण महाराज अपने साथ ले गया था। उसके बाद से पति नहीं लौटा है। पुलिस ने लापता हरिराम की तलाश शुरू की, इस बीच 25 मई 2022 को एक कुएं से वृद्ध की लाश मिली। जिसकी पहचान हरिराम के रूप में हुई। मृतक के शरीर पर चोंट के निशान थे। पुलिस ने मर्ग कायम जांच शुरू की और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर बल्लू महाराज उर्फ बलराम उर्फ बालकृष्ण शर्मा निवासी ग्राम आसेर थाना कायथा को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी गोकुलसिह निवासी ग्राम सारोला और महेश पांचाल निवासी ग्राम दोंता जागीर थाना मक्सी जिला देवास के साथ हत्या कर लाश ठिकाने लगाना कबूल कर लिया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। 4 साल तक चली सुनवाई के बाद गुरूवार को अपर सत्र न्यायाधीश ए.पी.एस. चैहान (विषेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. एक्ट) द्वारा बल्लू उर्फ बालकृष्ण ओर गोकुल को धारा 302 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया पुलिस अनुसंधान के दौरान पाया गया कि आरोपी बालकृष्ण और हरिराम में लेनदेन का संव्यवहार था, आरोपी बालकृष्ण ने मृतक हरिराम को नकली सोने के हार व कान का टाप्स देकर रुपए उधार लिये थे। हरिराम द्वारा उक्त हार व कान की टाप्स बैंक में जमा करने की बात बालकृष्ण को बताई तो बालकृष्ण को लगा कि उसकी पोल खुल जायेगी तब उसने सहआरोपी गोकुल के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और लालच दिया कि हार उसके हिस्से में जायेगा। हत्या में महेश पांचाल को भी शामिल किया और उसकी बाइक से हरिराम को हत्या वाली जगह तक लाया गया। जहां गोकुल और बल्लू महाराज ने हत्या कर लाश को ठिकाने लगा। प्रकरण में शासन का पक्ष पैरवीकर्ता ईश्वरसिंह केलकर विशेष लोक अभियोजक द्वारा रखा गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 256/3 | 269/7 |
| मेन बाजार | 388/9 | 340/7 |
| मिलन डे | 588/1 | 130/4 |
| मिलन नाइट | 570/2 | 289/9 |

3 9 0

### उज्जैन-इंदौर मार्ग पर आटो-आयशर की भिड़ंत

# महाकाल दर्शन करने आ रहे 3 दोस्तों की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आटो से महाकाल दर्शन करने आ रहे 3 दोस्तों की बुधवार-गुरूवार रात भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। आटो चालक की हालत नाजुक बनी हुई है। गुरूवार को तीनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने जांच शुरू की है।

नानाखेड़ा थाना प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि रात में डेढ़ से 2 बजे के लगभग इंदौर-उज्जैन मार्ग पंथपिपलाई ओव्हर ब्रिज से पहले आटो क्रमांक एमपी 09 ए झेड 3589 और लोडिंग्र क्रमांक एमपी 13 जी ए 6538 में आमने-सामने की भिड़ंत होने की खबर मिलने पर पुलिस दुर्घटनास्थल पहुंची थी। आटो इंदौर की ओर से आना सामने आया। लोड़िंग उज्जैन से इंदौर की ओर जा रही थी। आटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था। उसमें चालक और 3 युवक सवार थे। सभी को तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से तीन की मौत होने पर उन्हे चरक अस्पताल लाया गया। चालक की हालत नाजुक होने पर निजी अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया है। मृतकों की पहचान करने पर पता चला कि इंदौर के लसुड़िया थाना क्षेत्र के स्कीम नम्बर 78 अरण्य नगर के रहने वाले गोलू उर्फ आकाश पिता दीपक ठाकुर 30 साल, चिराग पिता संजय सोलंकी 27 साल और विशाल पिता राजकुमार रावत 27 साल है। तीनों के परिजनों को सूचना दी गई। गंभीर घायल आटो चालक जितेन्द्र पिता सुरेश कछवाय अरण्य नगर का था। तड़के सभी के परिजन उज्जैन पहुंच गये थे। मामले में मर्ग कायम कर दोपहर में पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों तीनों के शव अंतिम संस्कार के लिये इंदौर ले गये है।



### प्रायवेट काम करते थे तीनों मृतक

मृतकों के परिजनों ने बताया कि तीनों आपास में दोस्त थे और प्रायवेट काम करते थे। गुरूवार देर रात बाबा महाकाल के दर्शन करने का बोलकर निकले थे। शुक्रवार सुबह दर्शन करना थे। लेकिन उससे पहले तीनों के साथ दुर्घटना की खबर सामने आई। बताया जा रहा है कि आयशर से भिड़ंत इतनी भयावह थी कि चालक सहित तीनों पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई आटो में फंस गये थे, जिन्हे बमुश्किल बाहर निकाला गया।

### आयशर जप्त, चालक की तलाश

नानाखेड़ा थाना पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद चालक आयशर छोड़कर मौके से भाग निकला था। दुर्घटनास्थल से आयशर को जप्त कर लिया गया है। नम्बर के आधार पर आरटीओ से जानकारी मांगकर मालिका का पता लगाया जा रहा है। जिसकी जानकारी आने पर चालक की गिरफ्तारी का प्रयास किया जायेगा। फिलहाल चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया जा रहा है।

## ऑनलाइल पेमेंट पर विवाद, महाकाल दर्शन करने आये परिवार के साथ मारपीट

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल दर्शन करने आये परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने घायल परिवार की शिकायत पर मामले में एक युवक और 2 महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज किया है।

गाजियाबाद से विश्वबंधु पिता देशबंधु मेहरा बुधवार को बाबा महाकाल के दर्शन करने पत्नी और बेटे के साथ आये थे। महाकाल क्षेत्र के कहारवाड़ी में उन्होने होटल में रूम बुक किया। शाम को वह बाबा की शयन आरती में पहुंचे और दर्शन के बाद वापस होटल लौटे। पत्नी और बेटा होटल में चले गये वह बाहर थे, इस दौरान होटल अक्षत के पास ही एक दुकान से सामान खरीदा। जहां ऑनलाइन पेमेंट करने की बात पर दुकान ने विवाद शुरू कर दिया, उसके द्वारा नगद पेमेंट मांगा जा रहा था। उन्होने ऑनलाइन देने की बात कहीं तो



गाली-गलौच शुरू कर दी और मारपीट करने लगे। दुकान में कुछ महिलाये भी थी। वह भी मारपीट पर उतारू हो गई। पत्नी को कॉल कर बुलाया तो वह होटल से बेटे के साथ बाहर आई। मारपीट करने वाली महिलाये झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने लगी। उन्होने पत्नी और बेटे से भी मारपीट की। मामले में महाकाल थाना एसआई जितेन्द्र झाला ने बताया कि गाजियाबाद से आये श्रद्धालुओं ने मामले में शिकायती आवेदन दिया था। जांच के बाद मामले में एक युवक और 2 महिलाओं के खिलाफ गुरूवार देर शाम प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## गिरफ्त में आये मवेशी चोरी करने वाले बदमाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

खेत पर बने मकान का ताला तोड़कर मवेशी चोरी करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी के मवेशी और प्रयुक्त वाहन बरामद किया गया है। बदमाशों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में उपजेल भेजा गया है।

नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि 3 मई को ग्राम कलसी में रहने वाले नजीर पिता नबीरबक्श मंसूरी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 1 मई की रात खेत पर बने मकान का ताला तोडकर अज्ञात बदमाश दो भैसे और एक बछडा चुराकर ले गये है। 2 दिन तक पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में तलाश की लेकिन नहीं मिली। शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया गया और आसपास क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज दिखे। जिसमें संदिग्ध पिकअप दिखाई दी। जिसे ट्रेस कर कुंदन पिता राजेन्द्रसिहं सोलंकी 25 साल, शौकत पिता अल्लानूर खान 25 साल और



धर्मेन्द्र पिता बनेसिंह सिसौदिया 30 साल का हिरासत में लिया। पूछताछ में तीनों ने मवेशी चोरी करना कबूल कर लिया। तीनों की निशानदेही पर चोरी में प्रयुक्त पिकअप के साथ एक भैस और बछड़ा बरामद किया गया। बदमाशों के पास से 20 हजार रुपए नगद मिले है। एक भैस ठिकाने लगा दी गई थी। बदमाशों को न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### मेडिकल कॉलेज में एडमिशन का दिया था झांसा

# रिमांड पर 4.50 लाख ठगने वाला फर्जी प्रिंसिपल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बिहार के कटिहार मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर 4.50 लाख की ठगी करने वाला पश्चिम बंगाल के फर्जी प्रिंसिपल कानपुर जेल से प्रोटेक्शन वारंट पर उज्जैन लाया गया है। जिससे 11 मई तक रिमांड पर पूछताछ की जायेगी।

मंछामन गणेश कालोनी में रहने वाले एमआर सतीशचंद्र पटेल एमआर ने 29 मार्च को नीलगंगा थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि बेटे हर्ष का मेडिकल कॉलेज में एडमिशन करना था। उनके भाई महेश कुमार का पुत्र सतना मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। 15 फरवरी को उसने बताया कि हमारे कॉलेज के प्रोफेसर चंद्रशेखर वाघमारे ने बताया कि बिहार के कटिहार स्थित मेडिकल कॉलेज में सीट खाली है। प्रोफेसर का नम्बर मिलने पर उसने संपर्क किया गया। उन्होने कटिहार मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल आर. बी. गुप्ता का मोबाइल नम्बर दिया। चर्चा की तो पता चला कि एक छात्र की मौत होने पर सीट खाली हुई है, जो एनआरआई कोटे की है। उक्त प्रिंसिपल ने ईमेल पर कॉलेज सीट के पैकेज की जानकारी भेजी और 2 बैंक अकाउंट नम्बर के साथ वाट्सएप पर नीट स्कोर कार्ड, आधार कार्ड, मार्कशीट पुत्र की मांगी। एक अकाउंट नम्बर कॉलेज का था। जिसमें 25 हजार रुपए जमा कराये गये, शेष राशि 4.25 लाख दूसरे खाते में जमा किये गये। 19 फरवरी को बिहार के कटिहार पहुंचने पर सामने आया कि कोई सीट खाली नहीं है और ना ही फीस जमा हुई है। कॉलेज के प्रोफेसर आरबी गुप्ता ने कॉलेज का बैंक अकाउंट देखा तो उसमें 25 हजार रुपए पटेल परिवार की ओर से भेजना सामने आये। आर. बी. गुप्ता ने कॉलेज अकाउंट में आये रुपए को लेकर कहा कि कोर्ट में मामला लगाये, रुपए लौटा दिये जायेगा। पूर्व में भी ऐसी धोखाधड़ी सामने आ चुकी है। पुलिस ने सतीशचंद्र की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि बिहार कॉलेज के प्रिंसिपल गुप्ता से संपर्क करने पर पता चला कि पूर्व में भी 4 से 5 बार जयंत सरकार नामक पश्चिम बंगाल का व्यक्ति कॉलेज के नाम से ठगी कर चुका है। जयंत सरकार का पता लगाने पर सामने आया कि वह धोखाधड़ी के मामले में कानुपर पुलिस की हिरासत में है। जिससे पूछताछ के लिये प्रोटेक्शन वारंट जारी कराया गया। न्यायालय के आदेश पर कानपुर से जयंत पिता ज्योति सरकार निवासी शांतिपाट भक्तिनगर जलपाई गुडी पश्चिम बंगाल को उज्जैन लाया गया है। वह फर्जी प्रिंसिपल बनकर लोगों को अपने झांसे में लेता था। 11 मई तक पूछताछ की जायेगी। मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के नाम पर हुई धोखाधड़ी में कुछ ओर नाम सामने आ सकते है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com